संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 295 शुक्रवार 29 अगस्त 2025, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## सुप्रीम कोर्ट में आज दो नए न्यायाधीशों को बी.आर.गवई दिलाएंगे शपथ



**नई दिल्ली,28 अगस्त 2025 (ए)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई आज सुप्रीम कोर्ट के दो नए न्यायाधीशों को शपथ दिलाएंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराध्ये और पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को 27 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत किया गया था। इनकी नियुक्ति के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में जजों की पूरी कार्यरत संख्या 34 हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में लंबे समय से रिक्त पदों को लेकर चिंता जताई जाती रही थी। अब अराध्ये और पंचोली के शामिल होने के बाद सर्वोच्च न्यायालय में 34 जजों की पूरी कार्यरत संख्या पूरी हो जाएगी। खास बात यह है कि जस्टिस पंचोली अक्टूबर 2031 में जस्टिस जॉयमल्या बागची के सेवानिवृत्त होने के बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश बनेंगे। वह 3 अक्टूबर 2031 को पदभार संभालेंगे और 27 मई 2033 को सेवानिवृत्त होंगे। 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दोनों नामों की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी थी। हालांकि, कॉलेजियम की सदस्य और सुप्रीम कोर्ट की इकलौती महिला न्यायाधीश जस्टिस बी. वी. नागरत्ना ने जस्टिस पंचोली की पदोन्नति पर असहमति जताई। उन्होंने इसे न्यायपालिका के लिए प्रतिकूल बताया और चेतावनी दी कि यह निर्णय कॉलेजियम की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा सकता है।

## विधायक पुत्र के बंगले में सनसनी
## नौकरानी का शव पेड़ से लटका मिला





**छतरपुर,28 अगस्त 2025 (ए)।** टीकमगढ़ जिले की खरगापुर कांग्रेस विधायक के बेटे छतरपुर स्थित बंगले में एक 20 साल की युवती की मौत हो गई। शव बंगले के पीछे वाले हिस्से में आम के पेड़ से लटका मिला। मृतक युवती के चेहरे पर चोट के निशान थे। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। यह घटना सोमवार सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है, लेकिन इसकी भनक किसी को नहीं लगी। आनन-फानन में मृतका का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की जानकारी बुधवार शाम को शहर की सनसिटी कॉलोनी में काम करने वाली महिलाओं के माध्यम से फैली। विधायक चंदा सिंह गौर के बेटे अभियंत सिंह गौर से सवाल किए गए तो उन्होंने कहा,घटना के समय मैं जिला मुख्यालय से बाहर दिल्ली में था। घर पर मेरी पत्नी और 17 साल का बेटा थे,जिन्होंने फोन पर मुझे सूचना दी। मैं अगले दिन पहुंचा। मुझे नहीं पता कि सपना रैकवार ने यह घातक कदम क्यों उठाया? वह फोन नहीं चलाती थी और न ही कभी परेशान दिखती थी। वह मेरी नौकरानी नहीं,बल्कि बेटी की तरह थी। वह 5 साल की उम्र से हमारे साथ रह रही थी। हम उसकी शादी के लिए रिश्ता भी ढूंढ रहे थे।

## महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में दर्दनाक हादसा
## ट्रक-ऑटो की टक्कर में छह की मौत

**मुंबई,28 अगस्त 2025 (ए)।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के राजुरा तहसील में शुक्रवार को एक ट्रक और ऑटो रिक्शा की आमने-सामने टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा राजुरा क्षेत्र में हुआ, जहां ऑटो रिक्शा में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले की राजुरा तहसील में एक ट्रक और ऑटोरिक्शा की टक्कर में तीन महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना राजुरा-गढ़चंदूर रोड पर कपनगांव के पास शाम करीब 4 बजे हुई, जिसमें दो लोग घायल भी हुए हैं। सात यात्रियों को लेकर ऑटोरिक्शा राजुरा से पचगांव जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। राजुरा पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब ऑटोरिक्शा कपनगांव के पास पहुंचा, तो विपरीत दिशा से आ रहा एक ट्रक उससे टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि पूरा ऑटोरिक्शा आगे से चकनाचूर हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया। उनमें से तीन की पहले ही मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि तीन घायलों को चंद्रपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान वर्षा मांडले (41), तनु पिंपलकर (18), ताराबाई पपुलवार (60), रवींद्र बोबड़े (48), शंकर पिपेरे (50) और ऑटोरिक्शा चालक प्रकाश मेश्राम (50) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है, लेकिन उसका चालक फरार है। उसके खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

## जब तक मैं जीवित हूं...लोगों का मताधिकार किसी को भी छीनने नहीं दूंगी : ममता बनर्जी



**नई दिल्ली,28 अगस्त 2025 (ए)।** तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि बांग्लादेश के विभाजन के दौरान, लोगों की भाषा बांग्ला थी, इसीलिए वे बांग्ला में बात करते हैं। भाजपा मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 500 सदस्यीय टीम लाकर सर्वेक्षण कर रही है। अपने दस्तावेज़ उनके साथ साझा न करें। क्योंकि वे आपके दस्तावेज़ एकत्र करने और मतदाता सूची से आपके नाम हटाने की योजना बना रहे हैं। बस आधार कार्ड ले जाएं क्योंकि यह एक अनिवार्य आईडी प्रूफ है। बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग हमारे अधिकारियों को धमका रहा है। इसका (आयोग का) अधिकार क्षेत्र केवल चुनाव के दौरान के तीन महीनों तक है, पूरे साल नहीं। बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों द्वारा निभायी गयी भूमिका को भुलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा,अगर बांग्ला ही नहीं है,तो राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत किस में लिखे गए हैं? वे चाहते हैं कि लोग स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों द्वारा निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को भुला दें।

# संघ सरकार के फैसले नहीं लेता हम सिर्फ सलाह देते हैं : मोहन भागवत

**नई दिल्ली,28 अगस्त 2025 (ए)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा...भाजपा और संघ में कोई विवाद नहीं है। हमारे भाजपा सरकार ही नहीं सभी सरकारों के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। हमारे बीच मतभेद हो सकते हैं लेकिन मनभेद नहीं हैं। सरकार में फैसले लेने के सवाल पर भागवत ने कहा कि यह कहना गलत है कि सरकार में सब कुछ संघ तय करता है। हम सलाह दे सकते हैं, लेकिन फैसले वे ही लेते हैं। हम तय करते तो इतना समय नहीं लगता।

भागवत ने कहा...डेमोग्राफी की चिंता है। ये बदलती है तो देश का बंटवारा होता है। चिंता इसलिए भी होती है कि जनसंख्या से ज्यादा इरादा क्या है। धर्म अपनी चॉइस है। लोभ-लालच से धर्म नहीं बदला जाना चाहिए, इसे रोकना है।

भागवत ने कहा...ये सच है कि हमारा सबका डीएनए एक है। लेकिन देश अलग-अलग होते हैं। यूरोप में भी तीन-चार देश ऐसे हैं जिनके डीएनए एक हैं। लेकिन डीएनए एक होने का मतलब ये नहीं कि घुसपैठ की जाए, नियम-कानून तोड़कर नहीं आना चाहिए। परमिशन लेकर ही आना चाहिए। घुसपैठ को रोकना चाहिए। इसके लिए सरकार कोशिश कर रही है।



### 75 साल पर रिटायर होऊंगा,न किसी को होने के लिए कहूंगा : मोहन भागवत

सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि मैंने कभी यह नहीं कहा है। हम स्वयंसेवक हैं। हम वही करते हैं, जो संघ हमसे करने के लिए कहता है। न 75 साल पर रिटायर होउंगा,ना किसी को होने के लिए कहूंगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ साल पूरे होने पर सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि न 75 साल पर रिटायर होउंगा और ना ही किसी को रिटायर होने के लिए कहूंगा। सरसंघचालक मोहन भागवत संघ के सौ साल पूरे होने पर चल रहे कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात कर रहे थे। राजनेताओं के 75 वर्ष की उम्र के बाद रिटायर होने वाले उनके बयान का जिक्र करते हुए सवाल पूछा गया. इस सवाल के जवाब में सरसंघचालक ने कहा कि मैंने मोरोपंत पिंगले को कोट किया।

### अन्य राजनीतिक दलों के साथ संबंध : भागवत

प्रणव मुखर्जी जब संघ के मंच पर आए तो संघ के प्रति उनकी गलतफहमी दूर हो गई थी। अन्य राजनैतिक दलों के भी मन परिवर्तन हो सकते हैं। अच्छे काम के लिए जो मदद मांगते हैं उन्हें मदद मिलती है। और यदि हम मदद करने जाते हैं और जो मदद नहीं लेना चाहते उन्हें मदद नहीं मिलती। नाम और शब्दों के झगड़े में हम नहीं पड़ते। इन शब्दों के कारण हिंदू-मुस्लिम की भावना आ गई है। हिंदू-मुस्लिम एकता की जरूरत नहीं है ये तो पहले से एक हैं। इनकी सिर्फ पूजा बदली है। लेकिन जो डर भर दिया है कि ये लोग रहेंगे तो क्या होगा, इतनी लड़ाई हुई,अत्याचार हुआ इतने कत्लेआम हुए, देश भी टूटा। अखंड भारत एक राजनीतिक विचार नहीं है। क्यों कि अखंड भारत जब था तब भी अलग अलग राजा थे लेकिन जनता किसी भी राज्य में जाकर नौकरी करता था और जीवनयापन करता था। अखंड भारत की भावना फिर से आ जाएगी तो सब सुखी रहेंगे और दोस्त बढ़ जाएंगे।

## देशभर के 21 शिक्षक होंगे सम्मानित

**नई दिल्ली,28 अगस्त 2025 (ए)।** शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए केंद्र सरकार ने इस बार 21 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए चुना है। चयनित शिक्षकों में पॉलिटेक्निक, राज्य विश्वविद्यालयों और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षक शामिल हैं। शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह पुरस्कार उन शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए है जो न केवल शिक्षण में बल्कि समाज और छात्रों के जीवन में भी बदलाव ला रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि साल 2023 से शिक्षक सम्मान के लिए 2 अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं। इनमें एक श्रेणी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए और दूसरी पॉलिटेक्निक संस्थानों के लिए तय की गई है। इस बार चयनित 21 शिक्षकों में दोनों ही श्रेणियों के अध्यापक शामिल हैं, जिन्हें उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए चुना गया है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों का चयन एक बहुस्तरीय प्रक्रिया के तहत होता है। पहले चरण में एक स्क्रीनिंग समिति ने संभावित उम्मीदवारों का मूल्यांकन कर शिक्षकों की सूची तैयार की। जिसके बाद राष्ट्रीय ज्यूरी ने अंतिम 21 नामों पर मुहर लगाई।

## पीएम मोदी 2 दिन के दौरे पर जापान रवाना
## 15 वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लेंगे

**पटना,28 अगस्त 2025 (ए)।** प्रधानमंत्री मोदी जापान की राजधानी टोक्यो के लिए रवाना हो गए हैं। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के निमंत्रण पर वे दो दिन की यात्रा पर जा रहे हैं। पीएम मोदी यहां 15वें भारत-जापान वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह पीएम मोदी की जापान की आठवीं यात्रा है। इस सम्मेलन में दोनों देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने बयान जारी कर कहा कि जापान दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक और ग्लोबल साझेदारी को और मजबूत करने पर फोकस होगा। यह साझेदारी पिछले



11 सालों से लगातार विकसित हो रही है। जापान के बाद पीएम मोदी चीन के तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन समिट में हिस्सा लेंगे। इस दौरान पीएम मोदी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति पुतिन और अन्य नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी यह यात्रा भारत के राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देगी।

## बिहार में घुसे 3 पाकिस्तानी आतंकी, 50 हजार का इनाम
### एसपी बोले- मोतिहारी के रक्सौल बॉर्डर से घुसे, पूरे प्रदेश में अलर्ट

**पटना,28 अगस्त 2025 (ए)।** बिहार में नेपाल के रास्ते 3 पाकिस्तानी आतंकियों ने घुसपैठ की है। पुलिस मुख्यालय ने तीनों की फोटो रिलीज की हैं। सभी के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने की खबर है। पुलिस ने जिन आतंकियों की फोटो जारी की है, उनके नाम हसनैन अली, आदिल हुसैन और मोहम्मद उस्मान हैं। हसनैन रावलपिंडी, आदिल उमरकोट और उस्मान बहावलपुर का रहने वाला है। पुलिस हेडक्वार्टर ने सभी जिलों को खुफिया तंत्र को एक्टिव रखने, इनपुट जुटाने और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है। वहीं मोतिहारी पुलिस ने तीनों आतंकियों पर 50 हजार रुपए इनाम की घोषणा की है। बिहार में घुसे तीनों आतंकियों का पासपोर्ट भी सामने आया है। बताया जाता है कि तीनों आतंकी



मोतिहारी के रक्सौल बॉर्डर से बिहार में घुसे हैं। इधर बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के खिलाफ राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा चल रही है। आतंकी घुसपैठ के संदिग्ध रास्ते अररिया समेत नेपाल से सटे मधुबनी और सुपौल से हाल ही में उनकी यात्रा गुजरी है। बिहार के 7 जिले नेपाल बॉर्डर से सटे हैं। राहुल या तो उन जगहों पर जा चुके हैं या उनका जाने का कार्यक्रम है। वे कल सीतामढ़ी में थे और आज मोतिहारी पहुंचे, जो नेपाल सीमा से लगा हुआ है। खबर है कि तीनों आतंकी अगस्त के दूसरे हफ्ते ही काठमांडू पहुंच गए थे। वहां से पिछले सप्ताह बिहार में घुसे हैं। खुफिया इनपुट के आधार पर आशंका है कि आतंकियों का मकसद बिहार में किसी बड़ी घटना को अंजाम देना था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। आतंकी अलर्ट के बाद राहुल गांधी की यात्रा में बदलाव किया गया है। सीतामढ़ी में वे जिस कैंप में रुके थे वहां से सीधे जानकी मंदिर पहुंचे।

## 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति और 'विजन सागर' में भारत का अहम भागीदार है श्रीलंका : लोकसभा अध्यक्ष बिरला

**नई दिल्ली,28 अगस्त 2025 (ए)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज श्रीलंका-भारत संसदीय मैत्री संघ के 24 सदस्यीय शिष्टमंडल से संसद भवन मे औपचारिक भेंट की। इस शिष्टमंडल का नेतृत्व श्रीलंका के स्वास्थ्य एवं जनसंचार मंत्री तथा श्रीलंका-भारत संसदीय मैत्री संघ के अध्यक्ष डॉ. नलिन्दा जयतिस्सा ने किया। बैठक के दौरान माननीय अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध रहे हैं। यह संबंध आज एक मजबूत बहुआयामी साझेदारी में बदल चुके हैं। भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति और 'विजन सागर' में श्रीलंका का विशेष महत्व है। भारत और श्रीलंका के बीच हाल के वर्षों में हुए उच्चस्तरीय आदान-प्रदानों का उल्लेख करते हुए बिरला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अप्रैल 2025 की श्रीलंका यात्रा और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की दिसंबर 2024 की भारत यात्रा को दोनों देशों के संबंधों में मील का पत्थर बताया। बिरला ने श्रीलंका की वर्तमान संसद में भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री संघ की स्थापना का स्वागत करते हुए कहा कि



यह द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की संसदों के बीच संस्थागत सहयोग और नियमित संवाद की आवश्यकता है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के अनुभव साझा किए जा सकें। दोनों देशों की संसदों के बीच आपसी संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करेगा। बिरला ने कहा कि दोनों देशों की साझी विरासत हजारों वर्षों पुरानी है। उन्होने कहा कि भारत और श्रीलंका के द्विपक्षिय संबंधों मे गहरे सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंध, महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने रामायण और बौद्ध पर्यटन सर्किटों के विकास,सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच बढ़ते संपर्क को द्विपक्षीय संबंधों की सुदृढ़ता का आधार बताया।

लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत की संसद में AI Technology का प्रयोग और डिजिटल इनोवेशन से पारदर्शिता, दक्षता और सुगमता बढ़ी है और Paperless Proceedings को बढ़ावा मिला है। बिरला ने 110 से अधिक देशों के विधायकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने में PRIDE की भूमिका को साझा किया और कहा कि भारत इन नवाचारों को अन्य देशों के साथ साझा करने के लिए तैयार है।

## राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 रद्द की
### कोर्ट ने कहा- आरपीएससी के तत्कालीन चेयरमैन समेत 6 मेंबर की पेपर लीक में भूमिका



**जयपुर,28 अगस्त 2025 (ए)।** राजस्थान हाई कोर्ट ने गुरुवार को एसआई भर्ती 2021 रद्द कर दी। 859 पदों के लिए एग्जाम हुआ था। पेपर लीक में कई ट्रेनी एसआई पकड़े गए थे। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा...इस भर्ती का पेपर पूरे प्रदेश में फैला। पेपर लीक में आरपीएससी के 6 सदस्यों की भूमिका थी। ब्लूटूथ गैंग के पास भी भर्ती का पेपर पहुंचा। इन हालातों में इस भर्ती को जारी नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने निर्देश दिए कि साल 2025 की भर्ती में इस भर्ती के पद भी जोड़े जाए। वहीं एसआई भर्ती 2021 के सभी अभ्यर्थियों को इसमें फिर शामिल किया जाए। हाईकोर्ट ने आदेश में लिखा...हाईकोर्ट ने अपने आदेश में आरपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय और 6 मेंबर को एसआई भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी में लिप्त माना है। आदेश में लिखा- आरपीएससी सदस्य बाबू लाल कटारा और रामूराम राईका की पेपर लीक करने में संलिप्तता के अलावा, आरपीएससी के अन्य सदस्य भी 2021 भर्ती प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा से समझौता करने में संलिप्त पाए गए। बाबू लाल कटारा ने राईका को अपने बच्चों के लिए अनुकूल इंटरव्यू पैनल सुनिश्चित करने के लिए आरपीएससी अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय से मिलने की सलाह दी।

## मोदी ने अमेरिकी कपास पर 11% टैक्स हटाया : केजरीवाल
### यह किसानों के साथ धोखाः केंद्र ने कहा- टेक्सटाइल इंडस्ट्री की डिमांड के लिए ऐसा किया

**नई दिल्ली,28 अगस्त 2025 (ए)।** आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अमेरिका को कपास पर लगने वाली 11% इम्पोर्ट ड्यूटी हटाकर भारतीय किसानों के साथ धोखा किया है। केजरीवाल ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय उत्पादों पर 50% टैरिफ लगाया है। इसके जवाब में भारत को अमेरिका पर 100% टैरिफ लगाना चाहिए था। लेकिन पीएम मोदी अमेरिकी सामानों को टैक्स फ्री कर रहे हैं। यह फैसला भारतीय किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर कर देगा। केजरीवाल के आरोपों के बीच केंद्र सरकार ने प्रेस रिलीज जारी की और बताया कि अमेरिका से आने वाली कपास को टैक्स फ्री करने की अवधि 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। घरेलू टेक्सटाइल इंडस्ट्री की डिमांड पूरी करने के लिए यह कदम उठाया गया है।




### केजरीवाल के आरोप की बड़ी बातें

- पिछले कुछ दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने पीठ पीछे, चोरी-चोरी कुछ ऐसे फैसले लिए, जो देश भर के किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा है। 90-95% किसानों को पता ही नहीं कि क्या हो गया और जब ये फैसले सामने आएंगे, तो ढेरों किसान आत्महत्या करने के अलावा कोई चारा नहीं होगा।
- अमेरिका से आने वाली कपास पर पहले 11% ड्यूटी लगती थी। केंद्र ने अमेरिका को इससे छूट दे दी है। अब 19 अगस्त से 30 सितंबर, यानी 40 दिनों तक अमेरिका से आने वाले कपास पर टैक्स नहीं लगेगा। इससे देश के बाजार में अमेरिकी कपास भारतीय कपास की तुलना में 15-20 रुपए प्रति किलो सस्ती हो जाएगी। 30 सितंबर तक टेक्सटाइल इंडस्ट्री सस्ते दामों पर अमेरिकी कपास खरीदेंगे। जब हमारा किसान अक्टूबर में मंडियों और बाजारों में अपनी कपास लेकर जाएगा, तो वह कौन खरीदेगा।
- लोग कह रहे हैं कि अमेरिका में अडाणी का केस चल रहा है। अडाणी की गिरफ्तारी होने वाली है। अडाणी को बचाने के लिए पीएम देश को दांव पर लगा रहे हैं। अगर ऐसा है तो ये देश के लोगों के साथ बहुत बड़ा धोखा है।

## पंजाब के 7 जिलों में बाढ़, सेना पहुंची
### जम्मू में बाढ़ में फंसे 27 जवान, 10 घंटे में रेस्क्यू; हिमाचल के चंबा में घरों में मलबा घुसा

**नई दिल्ली,28 अगस्त 2025 (ए)।** पंजाब में बारिश के कारण 7 जिले और 150 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। रावी-ब्यास और सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद हैं। राज्य के अजनाला में सेना की एम्फीबियस गाड़ियों से लोगों को निकाला जा रहा है। इनकी विशेषता है कि ये जमीन और पानी दोनों पर चलने में सक्षम हैं। जम्मू-कश्मीर में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 41 लोगों की मौत हो गई। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर की टीम ने 10 घंटे में जम्मू के जौरियन में फंसे 27 जवानों को बचाया। हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश के कारण जनजीवन बेहाल है। बुधवार रात कई जगह भारी बारिश से चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई है। राज्य के 3 जिलों में 2000 से ज्यादा टूरिस्ट फंसे हैं। चंबा में घरों में मलबा घुस गया है। राज्य में बाढ़ और बारिश की घटनाओं में अब तक 310 लोगों की मौत हो चुकी है। 369 लोग घायल हैं और 38 लापता हैं। 1240 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है। इनमें 331 घर पूरी तरह से टूट चुके हैं।



## संपादकीय

# कानूनी समाधान की पहल

केंद्र सरकार अब ऐसे विधेयक ले आई है,जिनके कानून बनने के बाद गंभीर आपराधिक मामलों में जेल जाने की स्थिति में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्री और राज्यों के मंत्रियों को उनके पद से हटाने का प्रावधान हो जाएगा। लोकसभा चुनाव से पहले दो मुख्यमंत्री पद पर रहते गिरफ्तार किए गए थे। उनमें से झारखंड के हेमंत सोरेन ने तो इस्तीफा देकर भारत की संवैधानिक व्यवस्था को नैतिक दुविधा से बचा लिया,लेकिन जब बारी अरविंद केजरीवाल की आई,तो उन्होंने भारत की राजनीतिक व्यवस्था में आ रही चरमराहट को उजागर कर देने की रणनीति अपनाई। केजरीवाल ने इस्तीफा नहीं दिया। तब यह अजीबोगरीब स्थिति बनी कि एक मुख्यमंत्री जेल में रहते हुए वहीं से सरकार चलाने का दावा कर रहा था। भारत में आज जो सियासी सूरत है, उसके बीच ऐसी विडंबनाओं की गुंजाइश लगातार बनी हुई है। नियम या कानूनों को जब अत्यधिक खींच दिया जाता है, तो मर्यादाओं का तार-तार होना स्वाभाविक परिणाम होता है।अब केंद्र ने ऐसी परिस्थितियों के कानूनी समाधान की पहल की है। वह ऐसे विधेयक ले आया है,जिनके कानून बनने के बाद गंभीर आपराधिक मामलों में जेल जाने की स्थिति में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्री और राज्यों के मंत्रियों को उनके पद से हटाने का प्रावधान हो जाएगा। जेल गए पदाधिकारी की रिहाई के बाद उसे पद पर वापस लाने का प्रावधान भी किया जा रहा है। अगर आज यह धारणा होती कि संवैधानिक व्यवस्था सामान्य ढंग से काम कर रही है और कानून लागू करने वाली एजेंसियां निष्पक्षता से ठोस तथ्यों के आधार पर कदम उठाती हैं,तो प्रस्तावित नए कानून को एक स्वस्थ पहल माना जाता। लेकिन दुर्भाग्य से आज धारणाएं उसके उलट हैं। प्रचलित धारणा यह है कि कानून लागू करने वाली एजेंसियां राजनेताओं के दल और उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता को देख कर उनके अपराध तय करती हैं। ऐसे में प्रस्तावित कानून पर विपक्षी खेमों में आशंका पैदा होना लाजिमी प्रतिक्रिया माना जाएगा। इस पर केंद्र ने विपक्ष से कोई संवाद नहीं किया है। इस कारण आशंकाओं की गुंजाइश और भी ज्यादा है। इसलिए उचित होगा कि ऐसा कानून लागू करने के पहले केंद्र उस पर सभी पक्षों को भरोसे में ले। इस बारे में आम सहमति बनाए जाने की जरूरत है।

# भारत-चीन आये साथ,तो राजनीति में होगा बड़ा उलट फेर

## नवारो की प्रतिक्रिया भारत और चीन के बीच बढ़ती नजदीकी से जुड़ी है,जो अमेरिकी हितों के लिए चुनौती है...



संजय सक्सेना
लखनऊ,उत्तरप्रदेश



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रमुख व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने हाल ही में भारत-चीन संबंधों पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि चीन ने अक्साई चिन पर हमला किया था और वह भारत का दोस्त नहीं है। नवारो की यह प्रतिक्रिया भारत और चीन के बीच बढ़ती नजदीकी से जुड़ी है, जो अमेरिकी हितों को चुनौती दे रही है। ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद दोनों एशियाई दिग्गजों के रिश्ते सुधर रहे हैं, जिससे व्हाइट हाउस में खलबली मची हुई है। यह घटना वैश्विक भू-राजनीति में एक नया मोड़ ला सकती है,जहां अमेरिका चीन को घेरने की कोशिश कर रहा है,लेकिन भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर अड़ा हुआ है।

पीटर नवारो,जो ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में व्यापार नीति के प्रमुख सलाहकार हैं, ने एक साक्षात्कार में भारत को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, आप दशकों से चीन के साथ एक शांत युद्ध में हैं। चीन ने अक्साई चिन पर आक्रमण किया और आपके पूरे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। ये आपके दोस्त नहीं हैं। यह बयान सीधे तौर पर भारत-चीन के ऐतिहासिक विवादों को उजागर करता है और अमेरिकी चिंता को दर्शाता है कि भारत की चीन से नजदीकी क्वाड गठबंधन को कमजोर कर सकती है,जिसमें अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

अक्साई चिन का मुद्दा भारत-चीन संबंधों का एक पुराना घाव है। 1962 के भारत-चीन युद्ध में चीन ने अक्साई चिन पर कब्जा कर लिया, जो लद्दाख क्षेत्र का हिस्सा है। यह क्षेत्र लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर में फैला है और चीन इसे शिनजियांग प्रांत का हिस्सा मानता है। युद्ध में भारत को भारी नुकसान हुआ, जिसमें हजारों सैनिक मारे गए। उसके बाद से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद जारी है। 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प ने संबंधों को और बिगाड़ दिया,जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए। लेकिन हाल के महीनों में स्थिति बदल रही है। 2025 में ट्रंप के टैरिफ हमले के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक गुप्त पत्र भेजा,जिसने संबंधों को पुनर्जीवित किया।

ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया क्योंकि भारत रूस से सस्ता तेल खरीद रहा है। नवारो ने इसे ष्मोदी का युद्ध कहा, मतलब यूक्रेन-रूस संघर्ष को भारत की वजह से लंबा खींचना। उन्होंने कहा, भारत इतना अहंकारी है (रूसी तेल खरीदने पर)। वे कहते हैं कि हम जहां से चाहें तेल खरीद सकते हैं। भारत,आप दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं। वैसा ही व्यवहार करें! नवारो ने सुझाव दिया कि अगर भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे, तो अमेरिका 25 प्रतिशत टैरिफ माफ कर सकता है। लेकिन भारत ने अपनी ऊर्जा नीति को स्वतंत्र रखा है, जो अमेरिकी दबाव को चुनौती देता है। भारत-चीन की नजदीकी के पीछे कई कारण हैं। ट्रंप के टैरिफ ने भारतीय अर्थव्यवस्था को झटका दिया, जिससे निर्यात प्रभावित हुआ। इसके जवाब में भारत ने चीन के साथ व्यापार बढ़ाने की कोशिश की। हाल ही में दोनों देशों ने सीमा पर गश्त समझौते किए, प्रत्यक्ष उड़ानें बहाल कीं और पर्यटन को बढ़ावा दिया। मोदी की दुर्लभ चीन यात्रा की चर्चा है, जो शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह नई दोस्ती एशिया में व्यापार को बदल सकती है और अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधनों को कमजोर कर सकती है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप के टैरिफ और भू-राजनीतिक बदलाव ने भारत-चीन को करीब लाया है, जो क्वाड को नुकसान पहुंचा सकता है।

गौरतलब हो, ट्रंप प्रशासन चीन को वैश्विक खतरा मानता है और भारत को उसके खिलाफ मोर्चे पर रखना चाहता है। लेकिन भारत की रणनीतिक स्वायत्तता नीति अमेरिका को पसंद नहीं आ रही। भारत रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीद चुका है और चीन के साथ आर्थिक संबंध मजबूत कर रहा है। 2024 में भारत-चीन व्यापार 100 अरब डॉलर से ऊपर पहुंच गया था। नवारो जैसे सलाहकारों का मानना है कि यह अमेरिकी हितों को चोट पहुंचाता है, क्योंकि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध को ईंधन दे रहा है।

भारत की ओर से अभी आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई, लेकिन विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि भारत अपनी विदेश नीति में किसी का हस्तक्षेप नहीं बर्दाश्त करेगा। विपक्षी नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया कि अमेरिका को अपनी चिंता खुद देखनी चाहिए। भारत स्वतंत्र है। अंतरराष्ट्रीय विश्लेषक मानते हैं कि यह विवाद इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में तनाव बढ़ा सकता है। यदि भारत-चीन संबंध मजबूत होते हैं, तो अमेरिका को नई रणनीति अपनानी पड़ेगी। बहरहाल, नवारो का बयान सिर्फ एक टिप्पणी नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत है। जहां एक तरफ अक्साई चिन जैसे पुराने घाव हैं, वहीं आर्थिक जरूरतें नई दोस्ती को जन्म दे रही हैं। क्या भारत अमेरिकी दबाव में झुकेगा या अपनी राह चुनेगा? यह समय बताएगा। लेकिन इतना साफ है कि ट्रंप के सलाहकार की भड़काहट से एशिया की राजनीति में नया अध्याय शुरू हो गया है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# ध्यानचंद की हॉकी स्टिक में था 'जादू'



योगेस कुमार गोयल
नजफगढ़,नई दिल्ली




राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त पर विशेष

प्रतिवर्ष 29 अगस्त को भारत में हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को 'खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 29 अगस्त 1905 को जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान् खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे सोलह साल की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गए थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था। सेना में भर्ती होने के बाद उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था। 1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थायी जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाए।

दो बार के ओलम्पिक चैम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरूबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद वे माउंट आबू में हॉकी कोच के रूप में कार्यरत रहे और बाद में कई वर्षों तक पाटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चीफ हॉकी कोच बन गए। 3 दिसम्बर 1979 को उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। अपने कैरियर में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक हजार से भी ज्यादा गोल दागे। भारत सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद के सम्मान में वर्ष 2002 में नेशनल स्टेडियम का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम कर दिया गया। ध्यानचंद इतने महान हॉकी खिलाड़ी थे कि वियना के स्पोर्ट्स क्लब में उनकी चार हाथों में चार हॉकी स्टिक लिए एक मूर्ति लगाई गई है और उन्हें एक देवता के रूप में दर्शाया गया है। भारत में उनके जन्मदिन को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' घोषित किया गया है और इसी दिन विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

# अब वह दिन दूर नहीं जब रोबोट इंसानों की तरह बच्चे पैदा कर सकेंगे



विजय गर्ग
मलोट,पंजाब



चीन तैयार कर रहा अनोखी टेक्नोलॉजी अब वह दिन दूर नहीं जब रोबोट इंसानों की तरह बच्चे पैदा कर सकेंगे। जी हां,चीन की एक टेक्नोलॉजी कंपनी ने एक ऐसा रोबोट तैयार करने का दावा किया है जो एक महिला के जैसे गर्भ धारण कर बच्चे को जन्म देगा। चीन की कैवा टेक्नोलॉजी के फाउंडर और सीईउ झांग चीफेंग के अनुसार, यह ह्यूमनॉइड रोबोट एक कृत्रिम गर्भाशय से लैस होगा, जिसमें भ्रूण गर्भ से लेकर जन्म तक विकसित हो सकेगा। इसकी कीमत 1 लाख युआन (करीब 14 हजार अमेरिकी डॉलर) से कम रखी जाएगी और यह अगले एक साल में बाजार में उपलब्ध हो सकता है।

झांग ने बताया कि कृत्रिम गर्भाशय तकनीक अब पूरी तरह परिपक्व हो चुकी है, और इसे रोबोट के पेट में फिट कर इंसान और रोबोट के बीच ऐसा इंटरैक्शन संभव होगा जिससे भ्रूण का विकास हो सके। यह व्यवस्था इनक्यूबेटर से अलग होगी, जहां गर्भाशय में कृत्रिम एम्नियोटिक फ्लूड होगा और भ्रूण को नली के जरिए पोषण दिया जाएगा।

### इन लोगों को होगा फायदा

यह तकनीक खासतौर पर उन युवाओं के लिए बनाई जा रही है जो शादी नहीं करना चाहते या गर्भधारण की जैविक प्रक्रिया से बचना चाहते हैं। झांग के मुताबिक, यह प्रोजेक्ट जनसंख्या घटने की समस्या के समाधान के लिए शुरू किया है। कंपनी ने इस पर ग्वांगडोंग प्रांत के अधिकारियों के साथ फोरम आयोजित किए हैं और नैतिक व कानूनी पहलुओं पर नीति प्रस्ताव भी सौंपे हैं। 2015 में स्थापित कैवा टेक्नोलॉजी पहले भी कई सर्विस और रिसेप्शन रोबोट बना चुकी है।

### समर्थन और विरोध

झांग के इस प्रोजेक्ट का कई लोग समर्थन कर रहे हैं। कुछ लोगों ने इसे महिला के गर्भधारण के शारीरिक बोझ को खत्म करने वाला कदम बताया और कहा कि अगर कीमत किफायती रही तो वे तुरंत खरीदेंगे। वहीं, आलोचकों का कहना है कि यह मानव नैतिकता के खिलाफ है और मां से जुड़े बिना भ्रूण का जन्म क्रूर होगा। अगर यह प्रोजेक्ट सफल होता है तो बांझपन से जूझ लोग भी संतान पैदा कर पाएंगे।

इन लोगों को होगा फायदा

यह तकनीक खासतौर पर उन युवाओं के लिए बनाई जा ही है जो शादी नहीं करना चाहते या गर्भधारण की जैविक प्रक्रिया से बचना चाहते हैं। झांग के मुताबिक, यह प्रोजेक्ट जनसंख्या घटने की समस्या के समाधान के लिए शुरू किया है। कंपनी ने इस पर ग्वांगडोंग प्रांत के अधिकारियों के साथ फोरम आयोजित किए हैं और नैतिक व कानूनी पहलुओं पर नीति प्रस्ताव भी सौंपे हैं। 2015 में स्थापित कैवा टेक्नोलॉजी पहले भी कई सर्विस और रिसेप्शन रोबोट बना चुकी है।

समर्थन और विरोध

झांग के इस प्रोजेक्ट का कई लोग समर्थन कर रहे हैं। कुछ लोगों ने इसे महिला के गर्भधारण के शारीरिक बोझ को खत्म करने वाला कदम बताया और कहा कि अगर कीमत किफायती रही तो वे तुरंत खरीदेंगे। वहीं, आलोचकों का कहना है कि यह मानव नैतिकता के खिलाफ है और मां से जुड़े बिना भ्रूण का जन्म क्रूर होगा। अगर यह प्रोजेक्ट सफल होता है तो बांझपन से जूझ लोग भी संतान पैदा कर पाएंगे।

### चीन में बढ़ रहा बांझपन

चोसुन बिज की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में बांझपन की दर 2007 में 11.9 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 18 प्रतिशत हो गई है। बीजिंग और शंघाई जैसे शहर अब आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन और आईवीएफ को मेडिकल इंश्योरेंस के तहत कवर कर रहे हैं। 2022 में, जियांग्सू प्रांत के सुजोउ इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने ऐआई- आधारित नैनी रोबोट विकसित किया था जो कृत्रिम गर्भाशय में भ्रूण की निगरानी और देखभाल करता था। हालांकि, चीन के कानून के अनुसार कृत्रिम गर्भाशय में मानव भ्रूण को दो हफ्ते से अधिक विकसित करना प्रतिबंधित है।

# राजा चक्रधर शाह पोर्ते समारोह

## सुर-ताल,छंद,संगीत अउ घुंघरू के 40 बरस



मदन मंडावी
राजनांदगांव,छत्तीसगढ़

आवव हमर छत्तीसगढ के बड़का बिश्व संगीत सम्राट राजा चक्रधर शाह (पोर्ते) के बारे मा जानन । जेकर छत्तीसगढ़ मा आजो 40 वां समारोह मनाय जावत हे।

महाराजा चक्रधर शाह छत्तीसगढ़ मा रायगढ़ रियासत के राजा अउ गोंडवाना वंश के गढ़पति, बरगढ़ के राजा भूपदेव सिंह के बेटा रिहिस। जेकर जनम 19अगस्त 1905 अउ देहांत 07अक्टूबर 1947 म होय रहिस। बरस 1924 मा ओकर बड़े भाई राजा नटवर सिंह के देहांत होय के पाछु चक्रधर हर राज गद्दी मा बइठिस। जेहर 1924 ले 1947तक राजगढ़ के रियासत ल अपन दम मा चलइस। राजा चक्रधर के शिक्षा रइपुर के राजकुमार महाविद्यालय मा होय रहिस। ओहर गायन, वादन, अभिनय अउ नाच कला के बिसेसग्य रिहिसे हे। जेनहर संगीत अउ नृत्य बिद्या के बड़का करम के रचना ला करिस।

बर्तमान मा छत्तीसगढ़ सरकार (छ.गढ़ संस्कृति विभाग) के डहर ले महाराजा चक्रधर शाह के सुरता मा चक्रधर सम्मान संगीत नृत्य के नाव मा देय जाथे।

रायगढ़ के सांसकिरतिक बिरासत ला पोठ करे के काम इहाँ के राजा चक्रधर शाह हर करे हे। चक्रधर शाह बढ़िया तबला अउ सितार बजाय के संगे - संग तांडव नृत्य मा घलोक जब्बर सुजानिक रहिस हे। ओहर कत्थक मा लखनऊ अउ जयपुर घराना ले जुरे रहिस, त उहाँ के गुरुजी मन ला रायगढ़ मा बलाइस। कत्थक के दुनो शैली ल मिंझारे बर ओहर एकठीन नवा शैली रायगढ़ शैली के सुरुवात करिस। गोंडराजे चक्रधर हर संगीत अउ कबिता मा बहुत अकन गरंथ के रचना ला घलोक करे रहिसे जेमा मेन रचना ठ्ठनर्तक सर्वस्व, तालतोय निधि , तलब पुष्पकर, राजरत्न मंजुस, पुराजपरन पुष्पकर।



उरदू भाषा मा तको ओकर पकड़ जमगरहा रिहिसे, ओहर फरहद के उपनाव ले उरदू भाषा मा गजल लिखिस। संस्कृत, उरदू अउ हिंदी मा लिखे परकासित किताब हाबे ठ्ठ रत्नहार, काव्य कानन, रम्यराज, बैरागढ़िया राजकुमार, निगोर फरहद, अलकापुरी -तीन भाग, जोशे फरहद, माया चक्र, प्रेम के तीर। तालतोयनिधि नाव के किताब के वजन 32 किलो हाबे। ये सब्बो किताब ह आजो भी चाँदी के पेटारा मा धराय हे। गढ़ा मंडला रियासत कालिन खैरागढ़ सम्मिलन 1943 म कल्याण दास के नृत्य परदरसन म खैरागढ़ मा दुसरइया बार तबला तको बजाए रिहिस हे।राजा चक्रधर शाह पोर्ते के जनम गनेस चतुर्थी के दिन होय रिहीस हे। तेकर खुशी मा ओकर पिताजी हर सहर मा उसल मंगल (उत्सव) मनाय के सुरू करिस। इहि ला आगू बढ़ात राजा चक्रधर शाह के सुरता मा साल 1985 ले गनेस चतुर्थी के अउसर मा इहां के राजघराना के डाहर ले शास्त्रीय संगीत अउ नृत्य महोत्सव के रूप मा गनेस मेला, चक्रधर समारोह सुरू करिन। जेमा देश के बड़का-बड़का कलाकार मनहा अपन कला के परदरसन करथें । येकर पाछू साल 2001 मा जिला परसासन हर तिहार मनाए के जुम्मेदारी लेलिस। तब ले छत्तीसगढ़ के रायगढ़ मा गनेस मेला जोरपरहा तिहार बनगे हावे।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# सरगुजा की आम जनता और कार्यकर्ताओं को समर्पित है यह उपलब्धि : राजेश अग्रवाल





-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
संस्कृति,पर्यटन व धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल के प्रभार ग्रहण पश्चात प्रथम सरगुजा आगमन पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने शानदार तथा एतिहासिक स्वागत किया। स्थानीय सरगुजा बॉर्डर ग्राम तारा से शुरू हुआ स्वागत अभिनंदन का सिलसिला डांडगाँव,उदयपुर, नावापारा,लखनपुर,लहपतरा,मेंडराकला, भित्तीकला,बिलासपुर चौक,हनुमान मंदिर चौक, हॉस्पिटल चौक, अग्रसेन चौक, जय स्तंभ चौक, सदर रोड, महामाया चौक, संगम चौक, देवीगंज रोड, विवेकानंद घड़ी चौक होते हुए भाजपा कार्यालय संकल्प भवन पहुंचकर समाप्त हुई। रास्ते भर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने फूल माला, पटाखों तथा ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। कई स्थानों पर मंत्री राजेश अग्रवाल को लड्डुओं से तौला गया तथा ब्राम्हणों द्वारा स्वस्ति वाचन एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व तथा विधायक प्रबोध मिंज, विधायक रामकुमार टोप्पो, गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव,पूर्व बीजेपी जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह तथा वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर की उपस्थिति में बीजेपी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के हुजूम ने केबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल का एतिहासिक स्वागत कर इसे अविस्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के स्वागत से अभिभूत हुए केबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं का कोटि कोटि धन्यवाद करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सरगुजा की आम जनता और कार्यकर्ताओं को समर्पित है। आपके आशीर्वाद से ही मैं विधायक बना और अब आपके आशीर्वाद से ही मुझे मंत्री पद की महत्वपूर्ण जवाबदारी मिली है। मैं आम जनता की भलाई के लिए 24 घंटे काम करूंगा, आम जनता की सेवा ही मेरा संकल्प है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने मंत्री राजेश अग्रवाल को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा सरगुजा का यह स्वर्णिम काल है जहां एक सांसद, तीन विधायक, एक मंडल तथा एक आयोग के अध्यक्ष के बाद अब एक केबिनेट मंत्री भी सरगुजा से भाजपा ने दे दिया है। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की महत्वपूर्ण जवाबदारी अब हम पर है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी ने तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष ने किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या ने गणमान्य जन भी उपस्थित थे।

**मंत्री राजेश अग्रवाल का भव्य स्वागत**



## खाद की कालाबाजारी को लेकर कांग्रेस का चक्काजाम आज

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
खाद की कमी और व्यापारियों द्वारा की जा रही कालाबाजारी से जूझते किसानों के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा 29 अगस्त को ग्राम डिगमा में बनारस रोड पर सांकेतिक चक्काजाम और आंदोलन करेगी। खाद की कमी,किसानों के खाते से बिना सहमति फसल बीमा के प्रीमियम की कटौती और धान खरीदी पंजीकरण के नियमों के सरलीकरण की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा था। उसके माध्यम से 3 दिनों के अंदर किसानों की इन समस्याओं के निराकरण की मांग थी। 3 दिनों में प्रशासन से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कल सांकेतिक चक्काजाम और आंदोलन किया जाएगा। यह चक्काजाम दोपहर 12 बजे ग्राम डिगमा में बनारस रोड पर किया जायेगा जिसमें जिले भर से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ किसानों भी शामिल होंगे।

## एटीएम कार्ड बदलकर युवक के खाते से साढ़े 33 हजार रुपए की निकासी

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
रघुनाथपुर बस स्टेण्ड के समीप एटीएम मशीन से रुपए निकालने पहुंचे युवक का कार्ड बदलकर साढ़े 33 हजार रुपए निकासी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रामसाय नागेश पिता रूपचंद नागेश उम्र 27 वर्ष ग्राम बटवाही खोखीपारा का रहने वाला है। वह 26 अगस्त की शाम 5.30 बजे रघुनाथपुर बस स्टैंड के समीप एटीएम मशीन में रुपए निकालने गया था। अंदर पहले से दो युवक मौजूद थे। दोनों युवकों ने कहा कि पहले तुम पैसा निकाल तो इसके बाद हमलोग निकालेंगे। यह समझ नहीं पाया और अपना कार्ड डालकर 6500 रुपए निकाला। इस दौरान दोनों युवकों ने इसका पीन कोर्ड देख लिया। रामसाय जल्दबाजी में रुपए निकाला और जाने लगा। इस दौरान दोनों युवकों ने उसका बार्ड बदल दिया और उसे पता भी नहीं चला। रात करीब 8.30 बजे इसके मोबाइल पर 5 बार में कुल साढ़े 33 हजार रुपए डिबिट होने का मैसेज आया। इसके बाद उसे पता चला की दोनों युवकों ने कार्ड बदलकर रुपए डिबिट कर लिया। वह तत्काल खाते में बचे हुए रुपए को दूसरे खाते में ट्रांसफर किया। रामसाय ने मामले की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पूर्व बीईओ एम.आर. यादव की होनहार बेटी डॉ. स्मृति यादव का मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग में चयन



-संवाददाता-
सूरजपुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
सरगुजा संभाग की होनहार बेटी डॉ. स्मृति यादव ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी आदेश 26 अगस्त 2025 को उनका चयन एन.एच.एम.एस. (बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी) के रूप में हुआ है। डॉ. स्मृति यादव, पिता श्री एम.आर. यादव (पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी, बनियारी) एवं माता श्रीमती सुनिता यादव की सुपुत्री हैं। डॉ. स्मृति यादव का चयन एन.एच.एम.एस. (बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी) के रूप में हुआ है। इस उपलब्धि के साथ ही पूरे यादव समाज और सरगुजा संभाग में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। डॉ. स्मृति यादव प्रारंभ से ही मेधावी रही हैं। कक्षा 12वीं सीबीएसई इंग्लिश मीडियम की परीक्षा में इन्होंने चैम्पियन, मध्यप्रदेश और उड़ीसा जोन में बायोलॉजी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया टॉपर रही थीं। इसी उत्कृष्ट उपलब्धि पर इन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा नवोदय विद्यालय समिति सम्मानित किया गया था।

एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई डॉ. स्मृति ने छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर से पूरी की। इंटरनशिप पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद शासकीय मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव में कार्य किया। इसके पश्चात् छत्तीसगढ़ आयुष्मान कार्ड योजना में भी उत्कृष्ट योगदान दिया। वर्तमान में वे केंद्रीय सरकार के अधीन रिजनल हॉस्पिटल, चर्च (जिला कोरिया, छ.ग.) में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के पद पर पदस्थ हैं। वहीं छोटे भाई डॉ. रवि यादव रायपुर स्थित बालाजी मेडिकल कॉलेज में एम.बी.बी.एस. अंतिम वर्ष के छात्र हैं। पूर्व बीईओ श्री एम.आर. यादव के तीनों संतानों ने डॉक्टरी जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर न केवल अपने माता-पिता का बल्कि पूरे सरगुजा संभाग व यादव समाज का नाम रोशन किया है।

## जर्जर सडक़ों से उड़ा धूल का गुबार,व्यापारियों और राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
अंबिकापुर-मनेंद्रगढ़ नेशनल हाईवे-43 की दुर्दशा से स्थानीय लोग परेशान हैं। सडक़ पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। बारिश के दिनों में कीचड़ व सडक़ पर बने गड्ढो में पानी भर जने से चलना मुश्किल हो गया था। अब सडक़ पर उड़ रही धूल से लोग परेशान हैं। राहगिरों के राहत के उद्देश्य से सडक़ पर बने गड्ढों में स्टोन डस्ट डालकर भरा गया था। अब भारी वाहनों के गुजरने के बाद उड़ रही धूल के गुब्बार से राहगिरों की परेशानी और बढ़ गई है। उड़ रही धूल के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर असर पडऩी शुरू हो गई है। विशेष कर उन लोगों की तकलिफ ज्यादा बढ़ गई है जो सड़ किनारे पूरे दिन दुकान में बैठे रहते हैं। धूल-डस्ट से दुकानदारों को काम करना मुश्किल हो गया है। इनके बीच बीमारी की खतरा बढ़ी हुई है। एनएच-43 अंबिकापुर शहर के बीचो बीच होते हुए निकली है। जो सूरजपुर जिले को जोड़ती है। सदर रोड, देवीगंज रोड से लेकर रेलवे स्टेशन तक की सडक़ पिछले तीन से चार सालों से खराब है। अच्छी सडक़ की उम्मीद को लेकर लोगों ने प्रदेश में सरकार भी बदल दी। इसके बावजूद भी स्थानीय लोगों को अच्छी सडक़ नसिब नहीं हुई। वही गड्ढों से पटे पड़े सडक़ पर आवागमन करने को लेकर मजबूर हैं। दिनों दिन सडक़ पर गड्ढों की संख्या बढ़ती जा रही है। लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। गाडियां खराब हो रही है। लोगों की जाने जा रही है पर इससे जिम्मेदारों का लेना देना कुछ नहीं है। सडक़ की दुर्दशा को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। बारिश के कारण सडक़ों की हालत और भी खराब हो गई है। इन रास्तों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिनसे पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, इन सडक़ों से गुजरने वाले भारी वाहनों के कारण उडऩे वाली धूल ने लोगों को सांस संबंधी गंभीर बीमारियों की चपेट में ला दिया है। शहर के व्यापारी और आमजन इस स्थिति से काफी नाराज हैं।

**धूल से एलर्जी का खतरा :** एमजी रोड के एक व्यवसायी ने बताया कि लगातार धूल के संपर्क में आने से उनकी आवाज बैठ ग... है। डॉक्टरों के अनुसार उन... एलर्जी के कारण गले की गंभी... समस्या हो गई है।

उन्होंने शासन-प्रशासन ... अपील कर रहे हैं कि जल्द से जल... सडक़ों की मरम्मत कराई जाए औ... धूल से राहत दिलाई जाए।



### गड्ढे बन रहे दुर्घटना के कारण

एनएच पर बने गहरे गड्ढे आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। कई बाइक सवार यहां चोटिल हो चुके हैं। नगर में ऑटो चालक भी इस स्थिति से परेशान हैं। एक ऑटो चालक ने बताया कि खराब सडक़ों से उन्हें और उनकी सवारियों को रोजाना खतरे से गुजरना पड़ता है। धूल की वजह से उन्हें सांस लेने में भी परेशानी होती है। सडक़ नेताओं के लिए केवल राजनीतिक मुद्दा बनकर रह गया है। पहले भाजपा सडक़ की कमियां गिनाती थी अब कांग्रेस सडक़ को लेकर चिंता व्यक्त कर रही है। पर सुगम सडक़ मार्ग को लेकर पहल किसी ने अब तक नहीं की है। लोग आज भी जर्जर सडक़ पर आवागमन करने को मजबूर हैं।

## जन्म तथा मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करने में कड़ाई की मांग : अनुप सिन्हा

-संवाददाता-
सूरजपुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुप सिन्हा ने कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपते हुए जिले में जन्म तथा मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया में कड़ी सतर्कता बरतने की मांग की है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने देशभर में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया है। इसके तहत 01 जुलाई 1987 से पहले जन्मे ऐसे नागरिक, जिनका नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उन्हें जन्मतिथि और जन्मस्थान का प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आयोग ने इसके लिए 11 प्रकार के दस्तावेज मान्य किए हैं। श्री सिन्हा ने आशंका जताई कि अवैध अप्रवासी (घुसपैठिए) वैध दस्तावेज हासिल करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। जिले में भी कई लोग अपने पिता, दादा या परदादा के नाम पर जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने की कोशिश कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि प्रमाण-पत्र जारी करने से पहले यह सुनिश्चित होना चाहिए कि जन्म लेने वाले शिशु के माता-पिता अथवा मृत व्यक्ति के जीवनकाल में जिले में उनका ठोस निवास प्रमाण मौजूद हो। अन्यथा गलत तरीके से बने दस्तावेज भविष्य में अवैध लोगों को भारतीय नागरिक साबित करने का आधार बन सकते हैं, जो राष्ट्रहित के विपरीत होगा। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग को प्रत्येक आवेदन की गहन जांच के बाद ही जन्म तथा मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करना चाहिए।

## मितानिनों की हड़ताल की चेतावनी : मांगों को लेकर 2 सितंबर को रायपुर में धरने की तैयारी

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
सरगुजा जिले की 3500 मितानिनें 7 अगस्त से प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आह्वान पर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं। मितानिनों का आरोप है कि भाजपा सरकार के चुनावी घोषणा पत्र और मोदी की गारंटी में किए गए वादों को अब तक अमल में नहीं लाया गया है। साथ ही,मई माह से प्रतिमाह मिलने वाली 2200 रुपये की सहयोग राशि भी पिछले चार महीनों से नहीं मिली है, जिससे वे आर्थिक संकट से जूझ रही हैं। गुरुवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास अग्रसेन धर्मशाला में एकत्र होकर मितानिनों ने अपनी व्यथा साझा की। उन्होंने बताया कि कई महिला त्यौहार बीत गए,लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते वे परेशान हैं। मितानिनों ने इससे पहले 19 अगस्त को अंबिकापुर में रैली



निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। कलेक्टर ने आश्वासन दिया था कि उनकी मांगें शासन तक पहुंचाई जाएंगी, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। मितानिनों का कहना है कि प्रदेशभर में हुए आंदोलनों के बावजूद सरकार का रवैया टालमटोल भरा रहा है। उन्हें स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ कहा जाता है, लेकिन व्यवहार में उपेक्षा झेलनी पड़ रही है। मितानिन संघ की जिला अध्यक्ष हेमंती लकड़ा और उपाध्यक्ष रमा शर्मा ने बताया कि अगर 31 अगस्त तक सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 1 सितंबर को वे रायपुर रवाना होंगी और 2 सितंबर को नया रायपुर में धरना देंगी। उनकी प्रमुख मांगों में मितानिन, प्रशिक्षक व हेल्प डेस्क फैसिलिटेटरों का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलियन, वेतन और क्षतिपूर्ति में 50 प्रतिशत वृद्धि, ठेका प्रथा की समाप्ति और एनजीओ व्यवस्था का विरोध शामिल है। मितानिनों के हड़ताल पर जाने ... टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं क... अस्पताल पहुंच सेवा और स्वास्थ... से जुड़ी जमीनी जानकारी क... आदान-प्रदान प्रभावित हो रहा है... मितानिन संघ ने भाजपा जिल... अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ... शुक्रवार सुबह मुलाकात तय क... है। उन्हें उम्मीद है कि संगठ... उनकी बातों को सरकार त... पहुंचाएगा और मांगों के समाधा... का रास्ता निकलेगा।

## सूरजपुर पुलिस को मिले 13 नए वाहन : नए वाहनों के मिलने से गश्त व्यवस्था सुदृढ़ होगी,अपराध नियंत्रण की क्षमता बढ़ेगी

-संवाददाता-
सूरजपुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा माननीय उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने प्रदेश की पुलिस को आधुनिक और सक्षम बनाने के उद्धेश्य से नए वाहन प्रदाय किए हैं। पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम एवं पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री दीपक झा के विशेष प्रयासों से सूरजपुर पुलिस को 12 नई बोलेरो पेट्रोलिंग वाहन एवं एवं 01 नई बारह सीटर बस प्राप्त हुई है। गुरूवार, 28 अगस्त 2025 को पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने इन सभी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने कहा कि इन नए वाहनों के मिलने से गश्त व्यवस्था सुदृढ़ होगी, अपराध नियंत्रण की क्षमता बढ़ेगी, आपात स्थितियों में त्वरित कार्यवाही संभव होगी तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की पहुंच और अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि नए वाहनों से बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, आधुनिक साधनों के सहयोग से बल किसी भी चुनौती का सामना करने में और अधिक सक्षम होगा और दुरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में भी त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी। कार्यक्रम में एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, थाना प्रभारी झिलमिली नसीमुद्दीन, थाना प्रभारी चंदौरा मनोज सिंह, थाना प्रभारी प्रेमनगर विराट विशी, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, चौकी प्रभारी लटोरी अरूण गुप्ता, वाहन शाखा प्रभारी एमटीओ विजय सिंह, एएसआई विजय यादव, साईबर सेल प्रभारी उपस्थित रहे।



## चरित्र शंका होने पर पति ने पत्नी का रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर तालाब में फेंका



-संवाददाता-
बरियों,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
बलरामपुर जिले के राजपुर थाना अंतर्गत आने वाले बारियों चौकी के ककना (खालपारा) निवासी एक आरोपी पति ने अपनी पत्नी का रस्सी से गला घोटकर मृतका की लाश को तालाब में फेंक कर बरियों चौकी में पहुंचकर अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने मृतका के आरोपी पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल। जानकारी के अनुसार सीताराम पैकरा पिता विफन पैकरा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम ककना (खालपारा) ने 27 अगस्त 2025 को बारियों चौकी पहुंचकर पुलिस के समक्ष अपना जुर्म कबूल करते हुए कहां की मैंने अपनी पत्नी सुनीता पैकरा का प्लास्टिक की रस्सी से गला घोट कर उसकी हत्या कर तालाब में फेंक दी है। पुलिस ने आरोपी के कबूल नामा पर. पुलिस ... द्वारा आरोपी के द्वारा बताए ग... तालाब में ग्रामीणों के साथ पहुंचक... उनकी मदद से लाश को बाह... निकाल कर पंचनामा कार्यवाही क... पोस्टमार्टम के लिए भेजा . डॉक्टर ... शॉर्ट पीएम के अनुसार गला घुटने ... मृत्यु होना बताया गया। पुलिस ... आरोपी पर कार्यवाही आरोप... सीताराम पैकरा पर अपराध क्रमांक... 205/2025 धारा 103(1). 23... भा. न्याय . स. के तहत मामला द... कर आरोपी को न्यायिक रिमांड प... भेजा। कार्यवाही में शामिल रहे. चौक... प्रभारी उपनिरीक्षक रविंद्रप्रताप सिं... प्रधान आरक्षक 406. प्रदीप याद... प्रधान आरक्षक 358 बृजभान प... प्रधान आरक्षक 670 विजय गुप्त... आरक्षक क्रमांक 677 जगन्ना... केराम आरक्षक रामसूरत यादव 14... महिला आरक्षक सरिता सिंह।

## संगीत के अतिथि शिक्षक पॉक्सो एक्ट के तहत हुआ गिरफ्तार

-संवाददाता-
कुसमी,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
पुलिस ने एकलव्य आवासीय विद्यालय कुसमी के संगीत के शिक्षक को छात्राओं के साथ अनुचित तरीके से बातचीत एवं छेड़छाड़ करने के संबंध में गिरफ्तार कर पास्को एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामाधार सिंह पिता गणेश सिंह उम्र 52 वर्ष प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुसमी के द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुसमी में कार्यरत अतिथि शिक्षक (संगीत) अभिषेक मिश्रा के द्वारा स्कूल के ही नाबालिक छात्राओं के साथ अनुचित तरीके से बैड टच करते हुये एवं अनुचित तरीके से बात चीत कर छेड़छाड़ करने के संबंध में लिखित आवेदन पेश करने पर थाना कुसमी में अपराध क्रमांक 73/2025 धारा- 74 बी. एन. एस. 7,8 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान पाया गया कि मामले के आरोपी-अभिषेक मिश्रा पिता सुनील मिश्रा उम्र 34 वर्ष निवासी केदारपुर मट्ठी रोड़ अम्बिकापुर सरगुजा छ.ग. द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय परिसर में अध्ययनरत् छात्राओं के साथ छेड़खानी करने का अपराध सबुत पाये जाने पर दिनांक 28.08.2025 को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) रामानुजगंज के न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है।

# नेपाल के बीरगंज जिले में हैजा फैला

## तीन की मौत,300 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती



**बीरगंज,28 अगस्त 2025 ।** नेपाल के बीरगंज जिले में हैजा फैल गया है। बीते हफ्ते से जिले में हैजा के कई मामले सामने आए हैं और स्थिति इस कदर खराब है कि तीन लोगों की हैजा से मौत हो गई है और 300 से ज्यादा लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। नेपाल का बीरगंज जिला सीमावर्ती इलाका है और लंबे समय से सूखे की चपेट में है। हैजा फैलने की वजह भी सूखे को माना जा रहा है।

**नेपाल में मानसून के मौसम में फैलती हैं बीमारियां :** बीरगंज जिले के नारायणी अस्पताल के डॉक्टर उदय नारायण सिंह ने बताया कि बीते शुक्रवार से हैजा के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। लोग डायरिया की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। कई मरीजों की जांच में उन्हें कोलेरा का संक्रमण मिला है। कोलेरा से ही हैजा की बीमारी होती है। नारायणी अस्पताल में ही कई वार्ड हैजा के मरीजों से भरे हैं। नेपाल में मानसून के मौसम में पानी और खाने संबंधी जनित बीमारियां बहुत फैलती हैं। इनमें हैजा भी प्रमुख है। हर साल हजारों लोग इस बीमारी की चपेट में आते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी हैजा को एक वैश्विक संकट मानता है।

**हैजा से हो सकती है मौत :** हैजा एक संक्रमणकारी बीमारी है, जिससे संक्रमित मरीजों में उल्टी, दस्त की समस्या होती है, जिससे मरीज के शरीर में पानी की कमी हो जाती है और अगर मरीज को तुरंत इलाज न मिले तो कुछ ही घंटे में मरीज की मौत भी हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि बीरगंज में जो हैजा फैला है, उससे पहले साल 2009 में नेपाल के जाजरकोट जिले में भी ऐसे ही हालात थे। जाजरकोट में भी हैजा से कई लोगों की मौत हुई थी।

# मोदी-जिनपिंग 31 अगस्त को चीन में मिलेंगे

## गलवान झड़प के बाद दूसरी औपचारिक मुलाकात,सीमा विवाद पर वार्ता संभव



**नई दिल्ली,28 अगस्त 2025 ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 31 अगस्त को चीन के तियानजिन शहर में होने वाली एससीओ समिट के दौरान मुलाकात करेंगे। 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह दूसरी औपचारिक मुलाकात होगी। मोदी और जिनपिंग आखिरी बार पिछले साल अक्टूबर में ब्रिक्स समिट के दौरान रूस के कजान में मिले थे। इसके बाद भारत और चीन में सीमा विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने पर सहमति बनी थी। पीएम मोदी इस दौरे में जिनपिंग के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई सेंट्रल एशियाई देशों के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। मोदी-जिनपिंग की मुलाकात में एक बार फिर सीमा विवाद पर बातचीत हो सकती है। चीन में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक एससीओ समिट की बैठक होने वाली है। इसमें 20 से ज्यादा देशों के नेता शामिल होंगे।

**पिछले महीने जयशंकर ने चीन का दौरा किया :** पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, ॠ पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। शी जिनपिंग आखिरी बार 2019 में भारत दौरे पर आए थे। तब दोनों नेताओं ने तमिलनाडु के महाबलीपुरम में मुलाकात थी। यह यात्रा भारत-चीन संबंधों को मजबूत करने और आपसी मतभेदों को प्रबंधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम थी। दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने पर भी सहमति जताई थी।

### आखिरी बार रूस में मिले थे मोदी और जिनपिंग

मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी हुई थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा था कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए। पीएम मोदी की यह चीन यात्रा ऐसे समय पर हो रही है, जब सारी दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीतियों से जूझ रही है। ट्रम्प ने भारत पर रूसी तेल और हथियार खरीद की वजह से 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिलेभर में सामूहिक पुस्तक वाचन का आयोजन

## कलेक्टर श्री भोसकर सामूहिक पुस्तक वाचन कार्यक्रम में हुए शामिल



-संवाददाता-
**अंबिकापुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभागवार कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी विद्यालयों में सामूहिक पुस्तक वाचन एवं संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने एक साथ संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों एवं कर्तव्यों के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया। साथ ही, सामूहिक पुस्तक वाचन के माध्यम से विद्यार्थियों को साहित्य के अध्ययन की महत्ता से अवगत कराया गया। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने आज मल्टीपरपज स्कूल एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सामूहिक पुस्तक वाचन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्वयं छात्रों के साथ मिलकर संविधान की प्रस्तावना तथा गुरु रविंद्रनाथ टैगोर की प्रसिद्ध कविता का सामूहिक वाचन किया। कलेक्टर श्री भोसकर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ निर्माण के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं,जब हमारा राज्य मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ बना था तब और अब में हुए बदलाव से आप सभी परिचित होंगे। उन्होंने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का सबसे बड़ा स्रोत हैं, और संविधान हमारे देश की आत्मा है। नियमित अध्ययन और पाठन से छात्र-छात्राएं समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देना, संविधान की मूल भावना से परिचित कराना और साहित्यिक अभिरुचि विकसित करना है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत जिले में आगे भी इसी प्रकार शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश झा,एपीओ श्री रविशंकर पांडेय,विद्यालय प्राचार्यगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में विद्यार्थी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ वाचन में भाग लेकर अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



-संवाददाता-
**अंबिकापुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग सरगुजा तथा महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगवां में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर श्री विलास भोसकर के निर्देशन, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जगदेव राम प्रधान तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री बसंत मिंज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बालिकाओं की सुरक्षा, बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव तथा नशा मुक्त सरगुजा बनाने के संकल्प को लेकर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सामूहिक शपथ ग्रहण किया। साथ ही प्रतिभागियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिसमें लैंगिक समानता, बाल विवाह निषेध, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्डलाइन 1098 जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में मिशन शक्ति हब से जिला समन्वयक सुश्री नूतन सिन्हा, वित्तीय साक्षरता समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, साइबर सुरक्षा सेल के कर्मचारी, विद्यालय प्राचार्य श्री संजीव कुमार सिंह, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को आत्मसुरक्षा के उपायों के साथ-साथ साइबर सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा जागरूकता बेहद आवश्यक है।

# संभाग स्तरीय दो दिवसीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## 432 खिलाड़ियों ने लिया भाग,दौड़,कूद और फेंक स्पर्धाओं में दिखाएंगे दमखम



-संवाददाता-
**अंबिकापुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।**
सरगुजा संभाग स्तरीय दो दिवसीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (एथलेटिक्स) का शुभारंभ आज पीजी कॉलेज खेल मैदान में कलेक्टर श्री विलास भोसकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्री भोसकर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यालय स्तर की ये प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को निखारने और भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन,निष्ठा और निरंतर अभ्यास के साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में संभाग के सभी जिलों से 14, 17 एवं 19 वर्षीय बालक-बालिकाओं सहित कुल 432 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। दो दिवसीय प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स की विभिन्न विधाओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें दौड़ वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3 हजार मीटर एवं 5 हजार मीटर दौड़ शामिल हैं। इसी प्रकार फेंक स्पर्धा में गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक एवं हमर फेंक का आयोजन होगा। वहीं कूद स्पर्धा में लंबी कूद, ऊंची कूद तथा ट्रिपल जंप (त्रिकूद) की प्रतियोगिताएं होंगी।

प्रतियोगिता की शुरुआत 400 मीटर दौड़ से हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश झा, एपीओ श्री रविशंकर पांडेय, खेल अधिकारी, सरगुजा संभाग के छः जिलों के शिक्षक-प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा संवाद श्रृंखला का शुभारंभ

# युवाओं को पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रहकर अपनी जिज्ञासा और रुचियों को पहचानना चाहिए : सीईओ विनय कुमार अग्रवाल



-संवाददाता-
**अंबिकापुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।**
राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,अम्बिकापुर के सोशल इनोवेशन एंड कम्युनिटी एंगेजमेंट सेल एवं मुहिम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में युवा संवाद श्रृंखला का शुभारंभ गुरुवार को महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस श्रृंखला की पहली कड़ी का विषय "Finding My Purpose" रहा। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित किया। "Finding My Purpose: Actions and Learnings from 10 Years in Civil Services" विषय पर व्याख्यान देते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपनी जिज्ञासा को बढ़ाकर रुचियों की पहचान करनी चाहिए और सकारात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आपको अपना उद्देश्य मिल जाए, तो आपको 'रैंचो' बनने से कोई नहीं रोक सकता। श्री अग्रवाल ने अपने प्रशासनिक अनुभवों को साझा करते हुए युवाओं को सक्रिय नागरिकता अपनाने की प्रेरणा दी। छात्रों ने करियर विकल्प, ग्राम विकास एवं प्रशासन से जुड़े प्रश्न पूछे, जिससे सत्र और भी संवादात्मक बना। इस अवसर पर प्रो. अनिल कुमार सिन्हा, वरिष्ठ प्राध्यापक एवं आईक्यूएसी समन्वयक, ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को e&posure देंगे और उन्हें वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे। सहायक प्राध्यापक दीपक सिंह, संयोजक सोशल इनोवेशन एंड कम्युनिटी एंगेजमेंट सेल, ने बताया कि इस श्रृंखला के साथ ही सामुदायिक सहभागिता, शोध, करियर तैयारी और रोजगारोन्मुखी कौशल पर केंद्रित प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किए जा रहे हैं।

मुहिम फाउंडेशन के संस्थापक श्री ऋषिकेश ठाकुर ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं को उन लोगों की कहानियां सुनाना है, जो समाज में बदलाव की दिशा तय कर रहे हैं।

महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एस.एन. पाण्डेय की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. कामिनी ने किया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिले में होंगे विविध कार्यक्रम



-संवाददाता-
**अंबिकापुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।**
मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर 29 अगस्त को हर वर्ष की तरह राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाएगा। इसी दिन वर्ष 2019 में माननीय प्रधानमंत्री जी ने फिट इंडिया मूवमेंट का शुभारंभ किया था। इसी तारतम्य में 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक सरगुजा जिले में विभिन्न खेल एवं फिटनेस संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों का शुभारंभ 29 अगस्त को प्रातः 11:30 बजे पीजी कॉलेज ग्राउंड परिसर स्थित हॉकी मैदान, अम्बिकापुर से होगा। इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा फिट इंडिया शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही बालक एवं बालिकाओं के बीच हॉकी मैच भी खेला जाएगा। 30 अगस्त को प्रातः 10 बजे गांधी स्टेडियम, अंबिकापुर में फिट इंडिया शपथ के साथ-साथ फुटबॉल मैच एवं मनोरंजनात्मक खेलों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 31 अगस्त को प्रातः 7:30 बजे संडे ऑन सायकल रैली का आयोजन किया जाएगा, जो घड़ी चौक से प्रारंभ होकर लगभग 5 किमी की दूरी तय कर गांधी स्टेडियम, अम्बिकापुर में संपन्न होगी। जिला प्रशासन ने जिले के सभी युवाओं एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे इन आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर स्वस्थ एवं फिट जीवनशैली को अपनाएं।

# बीजेपी नेता द्वारा इच्छा मृत्यु की मांग के बाद हरकत में आयी सरकार

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े पहुंची घर...अब रायपुर में होगा इलाज



-संवाददाता-
**सूरजपुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।**
भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री विशंभर यादव ने शारीरिक और आर्थिक संकट से त्रस्त होकर हाल ही में मुख्यमंत्री से इच्छा मृत्यु की मांग की थी। यह मुद्दा सुर्खियों में आया, जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यादव और उनकी पत्नी से फोन पर बातचीत की थी। उन्होंने उन्हें रायपुर बुलाकर इलाज कराने का आश्वासन दिया था। इस वाकये के बाद सरकार हरकत में आयी है। कल देर शाम महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी सूरजपुर पहुंचे और विशंभर यादव से मुलाकात की। इसके बाद एंबुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया। कहा गया है कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की देखरेख में अच्छे अस्पताल में उनका इलाज होगा।

**विधायक मरावी ने दी ये सफाई :** विधायक भूलन सिंह मरावी ने इस दौरान कहा कि यह कहना गलत है कि दो साल से मैं यहां नहीं आया। मैं कई बार विशंभर यादव से मिलने आता रहा हूँ, उनके घर पर चाय भी पीता था। हाँ, बरसात की वजह से कुछ दिन पहले नहीं आ सका। जैसे ही मुझे जानकारी मिली कि उनकी तबीयत बिगड़ गई है, मैं तुरंत यहां पहुंचा। हमारे साथ महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी आईं। हमने विशंभर यादव को अपने परिवार का हिस्सा मानते हुए रायपुर रेफर किया है। अब रायपुर में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की देखरेख में अच्छे अस्पताल में उनका इलाज कराया जाएगा।

# नाबालिग बेटी गर्भवती हुई तो परिजनों के उड़े होश, दरिंदा पुलिस की पकड़ में



-संवाददाता-
**रामानुजगंज,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।**
रामानुजगंज थाना क्षेत्र में एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। यहां 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला उजागर हुआ है। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर इस घिनौनी हरकत को अंजाम दिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब परिजनों को पता चला कि नाबालिग गर्भवती है। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता का बयान दर्ज कर उसे मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। वहीं आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए महाविद्यालय परिसर के भीतर के जमीन अधिग्रहण को लेकर विरोध हुआ शुरू

**महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाए जाने का विरोध हुआ शुरू**

**जिलेवासियों ने प्रशासन से महाविद्यालय भूमि में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाए जाने के निर्णय के पुनर्विचार की रखी मांग**

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय महाविद्यालय परिसर में होने से छात्र-छात्राओं की स्वतंत्रता होगी बाधित,एमसी हिमधर प्रभारी प्राचार्य बैकुंठपुर महाविद्यालय**

**महाविद्यालय की नियमित कक्षाओं के संचालन के लिए अब दो पाली में महाविद्यालय संचालन मजबूरी,प्रभारी प्राचार्य**

**विभिन्न संकाय और विभिन्न स्नातकोत्तर कक्षाओं प्रशिक्षण इत्यादि के लिए भवन का होगा महाविद्यालय के पास आभाव,प्रभारी प्राचार्य**

**क्या महाविद्यालय यानी कि उच्च शिक्षा विभाग महाविद्यालय की जमीन बचा पाएगा?**

**जिन प्राचार्य के ऊपर अपनी महाविद्यालय की जमीन बचाने की जिम्मेदारी है वह लेटर भेज कर ऊपर वाले के निर्णय के भरोसे बैठे हैं...**

**महाविद्यालय में संकाय और कक्षाओं के विस्तार के समय सामने आएगी भूमि आवश्यकता तब कैसे होगा विस्तार,लोगों का है सवाल**

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए कई जगह पहले हुई जमीन की तलाश,अंत में महाविद्यालय परिसर में कार्यालय के लिए जमीन चयन हुआ तय**

**पहले जैसी होती छात्र राजनीति विरोध हो चुका होता दर्ज,छात्र नेताओं का विरोध आ चुका होता सामने**




-रवि सिंह-

बैकुंठपुर,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)। कोरिया जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव महाविद्यालय परिसर में नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के भवन निर्माण के लिए कराए गए भूमिपूजन के बाद अब जिलेवासी इसके विरोध में सामने आ रहे हैं और विरोध की शुरुआत प्रशासन से निवेदन के रूप में सामने आया है जिसमें महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्माण के निर्णय के पुनर्विचार की बात कही गई है। जिले के अग्रणी महाविद्यालय के परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जाना छात्र हित और महाविद्यालय के विस्तार हित में नहीं है इस आशय की खबर दैनिक घटती घटना ने प्रमुखता से 28 अगस्त 2025 को प्रकाशित किया था और जिसके बाद अब जिलेवासी खासकर पूर्व छात्र नेता अब इस मामले में मुखर हो रहे हैं और वह प्रशासन से इस निर्णय पर पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं। पूरे मामले में प्रभारी प्राचार्य शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव महाविद्यालय बैकुंठपुर का भी बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने इस निर्णय को कई तरह से महाविद्यालय और छात्र हित के विपरीत बतलाया है। कुल मिलाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए महाविद्यालय परिसर की भूमि का चयन किया जाना जिले के अग्रणी महाविद्यालय के भविष्य के लिए एक अभिशाप बन जाएगा ऐसा जिले के खासकर जिला मुख्यालय के कुछ पुराने छात्र नेताओं का कहना है जिन्होंने इस संबंध में अपने विचार सोशल मीडिया में भी पोस्ट किया है।

जिले के अग्रणी महाविद्यालय में वर्तमान में 3200 नियमित छात्र-छात्राएं विभिन्न संकायों और कक्षाओं में अध्ययनरत हैं और वर्तमान स्थिति में ही महाविद्यालय में कक्षाओं के संकायों के संचालन में भवन की समस्या सामने आ रही और और यह भी यदि माना जाए कि भविष्य में विभिन्न संकायों की स्वीकृति और विभिन्न प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति का विषय देखा जाए तो महाविद्यालय परिसर में स्थित निर्मित वर्तमान के भवन कम पड़ेंगे और अन्य भवनों की जरूरत सामने आएगी तब उनका निर्माण कहां होगा यह समस्या तब खड़ी हो जाएगी। वैसे पूरे मामले में नगरवासी जिलेवासी सहित पूर्व छात्र नेताओं का विरोध कहीं न कहीं सही भी है क्योंकि पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए आखिरकार क्यों महाविद्यालय परिसर की ही भूमि का चयन किया गया,जिला मुख्यालय में और भी कई शासकीय भूमि ऐसी हैं जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए उपयुक्त और उपयोगी साबित हो सकती थी लेकिन फिर भी महाविद्यालय परिसर की ही भूमि का चयन किया जाना महाविद्यालय के विस्तार को दरकिनार किए जाने जैसा निर्णय है ऐसा माना जा रहा है। पूरे विषय में विरोध और नए सिरे से निर्णय पर विचार के लिए जिला प्रशासन से निवेदन की जो बातें सामने आ रही हैं उसके बाद अब लगता है कि महाविद्यालय के लिए आरक्षित या उसके लिए उपयोगी हो सकने वाली भूमि पुलिस विभाग को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए दिया जाना कहीं न कहीं जिले के छात्र छात्राओं के भविष्य के प्रति उदासीनता प्रदर्शित करता है और यह अदूरदर्शी जल्दबाजी में लिया गया एक निर्णय है।


प्रशांत प्रताप सिंह
52m

हम सबकी आवाज़ – शिक्षा की ज़मीन बचाओ!

पी.जी. कॉलेज और गर्ल्स कॉलेज हमारे शहर की शिक्षा और भविष्य की नींव हैं।
आज इन कॉलेजों को न केवल वर्तमान बल्कि कल के विस्तार के लिए भी ज़मीन की ज़रूरत है –
चाहे वह नए विभाग हों , लाइब्रेरी, हॉस्टल, ऑडिटोरियम, मैदान या रिसर्च सेंटर।

लेकिन कॉलेजों की ज़मीन पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाने की योजना शिक्षा के भविष्य को रोक देगी।

हम चाहते हैं कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय अवश्य बने, लेकिन किसी वैकल्पिक स्थान पर, जहाँ शिक्षा और प्रशासन दोनों को बढ़ावा मिल सके।

शिक्षा के लिए ज़मीन बचाइए – छात्राओं की सुरक्षा और कल का भविष्य सुरक्षित कीजिए।

#SaveEducationLand #CollegeFuture #StudentVoice


घटती घटना | अम्बिकापुर,गुरुवार 28 अगस्त 2025 | 6

तत्कालीन प्राचार्य की लापरवाही से अग्रणी महाविद्यालय रामानुज प्रताप सिंहदेव के हक की जमीन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए हुई आवंटित

## महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की स्वतंत्रता परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनने से होगी प्रभावित:एमसी हिमधर प्रभारी प्राचार्य

पूरे मामले में प्रभारी प्राचार्य शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव महाविद्यालय बैकुंठपुर एम सी हिमधर का कहना है कि महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाया जाना सही नहीं है,इस निर्णय से और इस निर्माण के बाद महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की स्वतंत्रता बाधित होगी, स्वतंत्रता की बात सामने लाकर प्रभारी प्राचार्य ने एक गंभीर विषय सामने रख दिया है,प्रभारी प्राचार्य का कहना यह भी है कि उनके द्वारा जिला प्रशासन प्रमुख के समक्ष भी महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय न बनाए जाने की मांग रखी गई, महाविद्यालय में कमरों का अभाव और विभिन्न कक्षाओं के संचालन में वर्तमान में ही हो रही दिक्कत जो कमरों के अभाव के कारण हो रही है और भविष्य में विभिन्न अन्य संकायों के खुलने और कई स्नातकोत्तर कक्षाओं में वृद्धि के बाद और भी दिक्कतों की बात सामने रखी गई,जिस संबंध में उन्हें दो पालियों में कक्षाओं के संचालन की समझाइश दी गई। प्रभारी प्राचार्य के अनुसार वर्तमान में ही अब दो पालियों में कक्षाओं का संचालन करना होगा क्योंकि छात्र संख्या अधिक है और विभिन्न संकायों और स्नातकोत्तर कक्षाओं के अनुसार भवन का अभाव है। प्रभारी प्राचार्य की बात समझी जाए तो यह कहा जा सकता है कि महाविद्यालय के लिए वर्तमान में ही भवन का आभाव है और नए भवन की बात या भवन विस्तार की बात करने की बजाए प्रशासन दो पालियों में कक्षाओं के संचालन की बात कर विषय समाप्त करना चाहता है।

## पूर्व छात्र संघ नेता आए सामने विरोध कर रहे दर्ज,क्या छात्र राजनीति पहले की तरह होती विरोध होता प्रबल

पूरे मामले में पूर्व छात्र संघ नेता सामने आए हैं, उनका जिला प्रशासन से अनुरोध है कि निर्णय पर पुनर्विचार की जरूरत है, एक पूर्व छात्रसंघ नेता ने बाकायदा सोशल मीडिया पोस्ट कर इसे भविष्य में महाविद्यालय के लिए अभिशाप तक बतलाया है,वैसे क्या पूर्व की तरह छात्र संघ की राजनीति होती तो क्या यह विरोध जबरदस्त तरीके से दर्ज होता और आंदोलन या अन्य तरीकों से इस निर्णय को अमान्य कराए जाने का प्रयास होता। पूर्व छात्र संघ नेता ने यह भी लिखा है अपने सोशल मीडिया पोस्ट में की 3200 छात्र छात्राएं वर्तमान में अध्ययनरत हैं महाविद्यालय में और भविष्य में कई संकायों की वृद्धि संभव है जिसमें विधि संकाय भी खुल सकता है ऐसे में इस तरह का निर्णय पुनर्विचार का विषय होना चाहिए जिला प्रशासन के लिए।

## हाईटेक बनने जा रहे नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के भूमिपूजन के बाद व दैनिक घटती-घटना की खबर के बाद विरोध हुआ तेज

महाविद्यालय परिसर में नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए भूमिपूजन के बाद और दैनिक घटती-घटना में इस आशय की खबर प्रकाशन के बाद की क्या महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाया जाना उचित है जिला प्रशासन के उस निर्णय का विरोध शुरू हुआ है जिसमे जिला प्रशासन ने महाविद्यालय परिसर की भूमि को पुलिस विभाग को नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के लिए प्रदान किया है। इस संबंध में खबर प्रकाशन का उद्देश्य यही था कि यह जल्दबाजी वाला निर्णय है जिसपर विचार पुनः आवश्यक है।

## शासन के द्वारा विवादित जमीन को ही आवंटित क्यों करती है, पिछले 15 साल में राजस्व की कार्यवाही व उसके निर्णय क्या गलत साबित हुए?

ऐसी क्या बात है कि शासन-प्रशासन बिल्डर के खिलाफ कोई भी काम उन्हें अंदर करवा कर ही कर पाती है एवं बिल्डर संजय अग्रवाल के जिन-जिन भूमियों पर शासन ने रोक लगाई उन पर आज तक शिवाय शासन के पैसे के दुरुपयोग के वहां कोई भी निर्माण कार्य नहीं करवा पाई है, वर्ष 2012 में जिले में तेज तर्रार कलेक्टर रितु सेन के द्वारा बिल्डर की कॉलोनी शकुंतला नगर में स्टे के बाद भी काम चालू रखने के आरोप में धारा 188 एवं 193 में के अंतर्गत अपराध दर्ज करवा कर बिल्डर को जेल दाखिल करवा दिया गया था उसके बाद कचहरी रोड पर स्थित बिल्डर की दुकान खसरा नंबर 62/1 में वूमंस हॉस्टल बनाने के लिए उसका पट्टा निरस्त कर उसमें हुए अतिक्रमण को तुड़वाने का कार्य शुरू किया गया,दिनांक 10 फरवरी 2012 को तोड़फोड़ ककी कर्यवाही शुरू की गयी और ताज्जुब्ब की बात तो यह है कि 11 फरवरी 2012 को शनिवार के दिन, जिस दिन उच्च न्यायालय का अवकाश रहता है, अवकाश के दिन ही उच्च न्यायालय के न्यायाधीश महोदय ने अपने घर पर सुनवाई करते हुए सुबह 11:00 बजे प्रशासन के द्वारा की जा रही कार्यवाही पर स्टे जारी कर दिया, उस जगह पर आज तक ना तो वूमंस हॉस्टल ही बन पाया और ना ही उसके लिए आवंटित राशि का कोई पता चल पाया जबकि उसके लिए आरइएस को निर्माण एजेंसी भी तय कर दिया गया था, इतना ही नहीं आज तक 13 वर्षों बाद तक उस भूमि का मलवा तक नहीं शासन नहीं हटा सकी है, इसी प्रकार बिल्डर के द्वारा निर्माण किये जा रहे शादी घर को भी वर्ष 2020 में तोड़ा जा रहा था जिसे दूसरे ही दिन उच्च न्यायालय के द्वारा स्टे दे दिया गया और साथ ही यह भी कहा गया कि बिल्डर के यहां तोड़फोड़ की कार्रवाई कानून की निगाह में गलत है,आज भी बिल्डर के पक्ष में शादी घर का स्टे प्रभावशील है,इसी प्रकार जेल की जमीन का एवं कॉलेज के सामने की बेशकीमती जमीन के अदला-बदली का मामला भी काफी सुर्खियां बटोरा,स्थानीय जनप्रतिनिधि कई दिनों तक भूख हड़ताल में धरना प्रदर्शन भी किये जिसका कोई असर नहीं हुआ और जेल की जमीन का अदला-बदली का मामला भी उच्च न्यायालय ने बिल्डर के पक्ष में दिया और कॉलेज के सामने की जमीन के अदला-बदली को निरस्त करके उसमें स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण तत्कालीन कलेक्टर ने शुरू किया जो की 315 लाख रुपए की लागत से बन रहा था किंतु उस पर भी 2022 में बिल्डर संजय अग्रवाल के पक्ष में उच्च न्यायालय ने स्टे दे दिया जिसके बाद से वहां शासन के द्वारा कराये जाने वाला काम रुका हुआ है एवं वंहा का टेंडर भी निरस्त हो चुका है, इसी प्रकार वर्ष 2020 में बिल्डर संजय अग्रवाल को एक अन्य प्रकरण में जेल भेजा गया तब चेर स्थित शासकीय जमीन पर बनी उनकी बाउंड्री को ध्वस्त कर उसे नगरपालिका को आवंटित कर दिया गया, नगरपालिका ने तत्कालीन विधायक अंबिका सिंह से धूम-धड़ाके से वहां शादी घर के निर्माण के लिए भूमि पूजन करवाया और टेंडर कर वर्क आर्डर भी दे दिया गया लेकिन तब तक बिल्डर संजय अग्रवाल जेल के बाहर आ चुके थे, उसमे भी तुरंत ही उच्च न्यायालय का स्टे आ गया और नगर पालिका द्वारा शादी घर उस जगह पर बनाने की मंशा धरी की धरी रह गई, इसके बाद उसी जगह को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए आवंटित किया गया, बड़ी गर्म जोशी से इसका प्रचार प्रसार भी किया गया किंतु आवंटन होने के पांचवें दिन ही उच्च न्यायालय के द्वारा स्टे जारी होने से पुलिस विभाग के अपने मुखिया का कार्यालय वहां निर्माण करने की मंशा पूरी नहीं हो सकी, उसके बाद महाविद्यालय को आवंटित भूमि में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के लिए उसका भूमि पूजन किया गया है, जो कि सर्वथा अनुपयुक्त है, शिक्षा के विस्तार हेतु प्रस्तावित भूमि को पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण करने से स्थानीय जनमानस में विरोध के स्वर उठ रहे हैं जबकि पुलिस विभाग के पास अपनी ही पुलिस लाइन में पर्याप्त जगह है और साथ ही जहां वर्तमान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय है उसके आसपास की सारी शासकीय जमीन खाली पड़ी हुई है जिस पर भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निर्माण किया जा सकता है, पता नहीं क्यों शासन के द्वारा विवादित जमीन को ही आवंटित किया जाता है और टेंडर जारी किया बाद में कोर्ट से स्टे आ जाता है और शासन का करोड़ो रूपया बर्बाद होता है तथा स्थानीय लोगों को इसका लाभ भी नहीं मिल पाता है जो की प्रशासनिक अधिकारीयों एवं जनप्रतिनिधियों के गहन चिंता का विषय है की कोई भी कार्य दूरदर्शिता के साथ अविवादित जगह पर हो।

# कोटाडोल शासकीय विद्यालय में छात्र की पिटाई का मामला,सर्व आदिवासी समाज की टीम जांच में पहुंची

## छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज ने 5 सदस्यीय जांच समिति का किया था गठन



-संवाददाता-

एमसीबी,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)। एमसीबी जिले के शास. हायर सेकेंडरी स्कूल कोटाडोल में शिक्षक द्वारा छात्र की बर्बरता पूर्वक पिटाई को लेकर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज द्वारा मामले की पड़ताल व तथ्यात्मक जांच के लिए 5 सदस्यीय जांच समिति गठन किया था गुरुवार को जांच समिति की टीम पूर्व विधायक गुलाब कमरों, शरण सिंह, विजय सिंह, भगवान सिंह खैरवार एवं संतोष कमरों ने कोटाडोल स्कूल पहुंच कर पीड़ित छात्र और प्रिंसिपल से चर्चा कर मामले की जांच पड़ताल की समिति के सदस्यों ने कहा कि छात्र के साथ हुई घटना अत्यंत निंदनीय है, दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए नहीं तो हमारे द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

**क्या था मामला**-मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत कोटाडोल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अतिथि शिक्षक द्वारा छात्र शुभचरण कुजूर की बर्बरता पूर्वक पिटाई के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज ने इस घटना को न केवल शर्मनाक बताया बल्कि इसे अमानवीय कृत्य करार दिया। समाज ने तत्काल प्रभाव से घटना की पड़ताल और तथ्यात्मक जांच के लिए 5 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था जिसमे गुलाब कमरों,पूर्व विधायक व संरक्षक को समिति में संयोजक शरण सिंह (जिला अध्यक्ष एमसीबी को सह संयोजक, विजय सिंह (जिला अध्यक्ष जिला कोरिया) सदस्य भगवान सिंह खैरवार (उपाध्यक्ष) सदस्य, संतोष कमरों (जिला अध्यक्ष युवा प्रभाग एमसीबी )सदस्य के रुप में जांच दल में शामिल किया था । छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रांताध्यक्ष शिशुपाल शोरी ने आदेश जारी करते हुए कहा था कि विद्यालय में घटित यह घटना एक गंभीर तथा मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाली घटना है। दोषियों पर कठोर कार्यवाही होना आवश्यक है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जांच समिति मौके पर जाकर पूरे मामले की वास्तविकता, छात्र एवं अभिभावकों के बयान तथा स्थानीय परिस्थितियों का अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

**क्षेत्र में आक्रोश का माहौल**-घटना के वायरल वीडियो ने समाज और आम जनता के बीच गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। अभिभावकों और ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा के मंदिर में इस तरह की घटनाएं न केवल छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करती हैं,बल्कि पूरे तंत्र पर सवाल खड़ा करती हैं।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /सक्षम प्रधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर(छ0ग0)

रा.प्र.क्र... / अ-2/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम लक्ष्मणपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अशोक कुमार जिंदल आ खजानचन्द जिंदल, जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम लक्ष्मणपुर, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर (छ. ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम लक्ष्मणपुर, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. विश्रामपुर तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 42/2, 50/1, 50/ 2, 50/3, 52 रकबा क्रमशः 0.60, 0.25, 0.160, 0.17, 0.23 हे. कुल रकबा 1.41 हे. कृषि भूमि को औद्योगिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है । अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 11.09.2025 को न्यायलयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 21.08-45 को न्यायलयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर



न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला-सूरजपुर

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./... अ-20(3)/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रविताम अग्रवाल पिता रामबिलास अग्रवाल निवासी महामाया रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला केदारपुर, नगर अम्बिकापुर, शीट नंबर- 03 स्थित नूजल प्लाट नम्बर 1088/8, 1088/9 रकबा $0.12^{1/2}$, $0.12^{1/2}$ हे0 भूमि को बैक में बंधक रख कर बैंक से ऋण प्राप्त करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति के साथ पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 10/9/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 20/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

सील

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर



कार्यालय अधीक्षण अभियंता

लोक निर्माण विभाग ( भ / स ) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि - 23.08.2025

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग - स.क्रं. 1 से 2 जशपुर, स.क्र. 3 से 5 मनेन्द्रगढ़ संभाग
03. स.क्रं. 1 %द% वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार, स.क्रं. 2 से 5 - 'स- वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 15.09.2025

| सरल क्र. | एन.आई. टी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 169 | लो.नि.वि. उपसंभाग बगीचा के अंतर्गत 10 मार्गों लंबाई 33.00 कि.मी. में बी. टी. पैच रिपेयर का कार्य । 1. पण्ड्रापाठ - भड़िया मार्ग कि.मी. 11 से 14/ 4 त्वं. 4.40 कि.मी. । 2. पण्ड्रापाठ- सुलेसा मार्ग कि.मी. 7,8,9 = 3.00 कि.मी. 3. सुलेसा - महनई मार्ग कि.मी. 6 से 9 = 4.00 कि.मी. । 4. सरडीह पहुंच मार्ग कि.मी. 3, 4 = 2.00 कि.मी. । 5. सराईपानी - बगीचा मार्ग कि.मी. 45 से 47/6 = 2.80 कि.मी. । 6. सन्ना - चम्पा मार्ग कि. मी. 9 एवं 15 = 2.00 कि.मी. । 7. बगीचा - रेंगले - बेतरा मार्ग कि.मी. 1 से 3 = 3.00 कि.मी. । 8. छिछली - चलनी मार्ग कि.मी. 1 से 2 = 2.00 कि.मी. 9. गम्हारकोना - कोदोपारा मार्ग 7कि.मी. 1 से 4 / 8 = 3.80 कि.मी. 10. महादेवडांड़- जूंरूडांड़ - पिरई मार्ग कि.मी. 1 से 6 7 = 6.00 कि.मी. । (प्रथम आमंत्रण) | 100.00 |
| 2 | 170 | लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 2 जशपुर के अंतर्गत 06 मार्गों लंबाई 35.24 कि.मी. में बी. टी. पैच रिपेयर का कार्य । 1. जशपुर - सन्ना मार्ग कि.मी. 14/6 से 31/10 = 17.60 कि.मी. ।, 2. 7 टेम्पू - केराकोना मार्ग लं. 1.80 कि.मी. 3. सन्ना मुख्य मार्ग से करदना पहुंच मार्ग लं. 2. 40 कि.मी., 4. सन्ना मुख्य मार्ग से छतौरी पहुंच मार्ग लं. 1.90 कि.मी. ।, 5. खोखसो-बेंजोरा से लुखी - मधवा मार्ग लं. 7.34 कि.मी. ।, 6. खोंगा से खौरा मार्ग लं. 4.20 कि.मी. (प्रथम आमंत्रण) | 150.00 |
| 3 | 171 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत निम्न मार्ग में बी. टी. केन्दई - बरदर - बैकुण्ठपुर - सोनहत - रामगढ़- म.प्र. सीमा माग मनेन्द्रगढ़ केल्हारी जनकपुर मार्ग (एस.एच.-08), 3. बिहारपुर बदरा जिला मार्ग), 4. बैकुण्ठपुर बडगाव पतरापाली बचरापोडी रतनपुर मार्ग (मुख्य जिला मार्ग). 5. कोरबा चिरमिरी मार्ग (मुख्य जिला मार्ग), 6. नागपुर चिरमिरी मार्ग (मुख्य जिला मार्ग), 7. उधनापुर - बुंदेली मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 8. पाराडोल मेरो मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 9. मेरो से कदरेवा मार्ग (ग्रामीण मार्ग) (प्रथम आमंत्रण) | 200.00 |
| 4 | 172 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत राज्यमार्ग मुख्य जिला मार्ग एव ग्रामीण मार्गो में बी. टी. पैच 7 रिपेयर कार्य । 1. केन्दई - चोटिया - खडगवां- बैकुण्ठपुर - सोनहत - रामगढ़ मार्ग (एस.एच. 7 -15), 2. भाड़ी - कुडेली - पटना मार्ग (मुख्य जिला मार्ग), 3. झुमरपारा भैयाथान पहुँच मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 4. खेडरी - डबरापारा मार्ग (ग्रामीण मार्ग ) 5. खरवत - आनी (ग्रामीण मार्ग), 6. तलवापरा पहुँच मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 7. सलका से विशुनपुर मार्ग ( ग्रामीण मार्ग), 8. अमरपुर - चिरमिरी मार्ग ( ग्रामीण मार्ग), 9. नगर अकलासरई मार्ग (ग्रामीण मार्ग ) ( प्रथम आमंत्रण) | 200.00 |
| 5 | 173 | उपसंभाग जनकपुर के अंतर्गत निम्न मार्गो में बी. टी. पेच रिपेयर कार्य। 1. ओडगी- 7 आमगांव - नदीपारा मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 2. नरकेली जामपानी मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 3. देवरी बड़गांव पहुँच मार्ग (ग्रामीण मार्ग), 4. आमापारा पहुँच मार्ग (ग्रामीण मार्ग ) 5. जनकपुर - कोटाडोल मार्ग (एस.एच- 03), 6. मनेन्द्रगढ़ - केल्हारी - जनकपुर मार्ग (एस.एच. -08) ( प्रथम आमंत्रण) | 165.00 |

जी नंबर-252603051/2

अधीक्षण अभियंता
लो0नि0वि0 अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

# इलाज के अभाव में बिस्तर पर पड़े भाजपा नेता की पूर्व सीएम बघेल ने ली सुध,इलाज हेतु बुलवाया रायपुर

## पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने की भूपेश बघेल के तारीफ कहा कांग्रेस करती है सभी की मदद

### इलाज के अभाव में बिस्तर में पड़े हुए हैं विशंभर यादव

इस संबंध में मीडिया सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार संगठन की तरफ से अपोलो से एम्स दिल्ली के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई थी पर उसके बाद विशंभर यादव का हालचाल लेने कोई नहीं आया। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार भी बन गई, उसके बाद भी आज वह इलाज के अभाव में बिस्तर में पड़े हुए हैं। लगातार दो वर्षों से उसका इलाज का खर्च परिवार उठा रहा है पर अब उनकी भी स्थिति बिगड़ने लगी है,मीडिया से बातचीत में विशंभर यादव ने बताया था कि इलाज में अभी तक 30 से 35 लाख रुपए खर्च हो गए हैं.।उनके पास जो भी था वह सब लगा दिए,अब कुछ नहीं बचा है, घर की स्थिति को देखते हुए और अपने शारीरिक स्थिति से मजबूर होकर उन्होंने मुख्यमंत्री से इच्छामृत्यु की मांग की है।

### पत्नी ने संगठन से की है पति का इलाज कराने की मांग

विशंभर यादव की पत्नी ने बताया कि बहुत तकलीफ में परिवार चल रहा है. उन्होंने संगठन से मांग की है कि हमारे पति का इलाज करा दिया जाए,अब हमारी स्थिति वैसा नहीं है जिससे हम इनका कहीं बाहर ले जाकर अच्छे से इलाज करा सके. हमारी स्थिति को देखने पार्टी की तरफ से कोई नहीं आता, उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनी तो हमें लगा हमारी सुनवाई होगी पर सरकार बनने के बाद कोई नहीं पहुंचा, ना कोई हलचाल लेने आता है,हम भाजपा से बस यही चाहते हैं कि इनका अच्छे से इलाज कर दें। हमारा पूरा परिवार भाजपा के लिए समर्पित रहा है, पति की इलाज में बहुत खर्च हो गया, जिसके कारण हमारा परिवार आर्थिक रूप से बर्बादी की कगार पर पहुंच चुका है।



-राजन पाण्डेय-
सूरजपुर/एमसीबी,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।

शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर हो चुके भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री विशंभर यादव ने सीएम से इच्छा मृत्यु की मांग की थी,मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संज्ञान लिया है और सूरजपुर जिले के कांग्रेस नेता पंकज तिवारी के मोबाइल से विशंभर यादव और उनकी पत्नी से बात की है। उन्हें उचित इलाज का आश्वासन दिया और इलाज के लिए रायपुर बुलाया है। बीजेपी के पूर्व मंडल महामंत्री द्वारा सीएम से इच्छा मृत्यु की मांग करने पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा दो साल पहले पीएम की सभा में शामिल होने विशंभर यादव रायपुर जा रहे थे। इस दौरान बस एक्सीडेंट हुआ और वे निशक्त हो गए, इलाज में कर्जदार भी हो गए। विशम्भर ने कई नेता,मंत्री से संपर्क किया,आज सरकार बीजेपी की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कमरो ने कहा की कार्यक्रम के लिए भीड़ जुटाने वाले कार्यकर्ताओ को भीड़ का हिस्सा बना दिया गया और भूल गए भाजपा जिस तरह से कार्यकर्ता की सुध नहीं ले रही है, एक अच्छे कार्यकर्ता की उपेक्षा की जा रही है, इससे भाजपा व भाजपा नेताओं की मानसिकता उजागर होती है। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से विशम्भर को इलाज हेतु अभी तक अच्छी खासी मदद मिल जानी चाहिये थी लेकिन ऐसा नही हुआ। सरगुजा सम्भाग में मुख्यमंत्री के अलावा 4 मंत्री होने के बाद भी आवश्यक मदद नही मिलना बेहद चिंता जनक है।



Bhupesh Baghel
1h

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।

कल मुझे सूचना मिली थी कि सूरजपुर ज़िले के भाजपा नेता श्री विशंभर यादव जी ने अपनी बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक तंगी के कारण प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी से इच्छा मृत्यु की माँग की है.

मैंने विशंभर जी और उनकी धर्मपत्नी जी से फोन पर बात की है. इस संकट की घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं. उनके इलाज की पूरी व्यवस्था की जाएगी. उनको रायपुर आकर इलाज करवाने का अनुरोध किया है. उनको अच्छा इलाज मिले, वे जल्द स्वस्थ हों, ऐसा हमारा प्रयास रहेगा.

दो साल पहले रायपुर में आयोजित प्रधानमंत्री जी की सभा में शामिल होने भाजपा के तत्कालीन मंडल महामंत्री विशंभर जी अपने कार्यकर्ताओं को लेकर बस से जा रहे थे, इस दौरान बस हादसे में गंभीर रूप से घायल विशंभर जी स्थायी विकलांगता के शिकार हो गए हैं.

Dev Yadav + 973 106 comments 26 shares



Log in Sign up

Bhupesh Baghel
@bhupeshbaghel

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।

कल मुझे सूचना मिली थी कि सूरजपुर ज़िले के भाजपा नेता श्री विशंभर यादव जी ने अपनी बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक तंगी के कारण प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी से इच्छा मृत्यु की माँग की है.

मैंने विशंभर जी और उनकी धर्मपत्नी जी से फोन पर बात की है. इस संकट की घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं. उनके इलाज की पूरी व्यवस्था की जाएगी. उनको रायपुर आकर इलाज करवाने का अनुरोध किया है. उनको अच्छा इलाज मिले, वे जल्द स्वस्थ हों, ऐसा हमारा प्रयास रहेगा.

दो साल पहले रायपुर में आयोजित प्रधानमंत्री जी की सभा में शामिल होने भाजपा के तत्कालीन मंडल महामंत्री विशंभर जी अपने कार्यकर्ताओं को लेकर बस से जा रहे थे, इस दौरान बस हादसे में गंभीर रूप से घायल विशंभर जी स्थायी विकलांगता के शिकार हो गए हैं.

Translate post

3:37 PM · Aug 27, 2025 · 888 Views

### गुलाब कमरो ने भूपेश बघेल के संज्ञान लेने पर उनकी तारीफ की और कहा मदद के लिए पार्टी नहीं दिल और मानवता देखी जाती है:गुलाब कमरो



गुलाब कमरो ने भूपेश बघेल के संज्ञान लेने पर उनकी तारीफ की और कहा मदद के लिए पार्टी नहीं दिल और मानवता देखी जाती है पूर्व मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाई है जो काबिले तारीफ है। बता दें कि विशंभर यादव का पूरा परिवार शुरू से ही भाजपा से जुड़े हुए हैं,उनके पिताजी आरएसएस से जुड़े हुए थे,विशंभर और उनकी पत्नी भाजपा के सक्रिय सदस्य रहे, दो साल पहले रायपुर में आयोजित प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को ले जाने की जिम्मेदारी विशंभर को दी गई थी और वह बस में अपने कार्यकर्ताओं को लेकर जा रहे थे, इसी दौरान बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई, इस हादसे में विशंभर यादव गंभीर रूप से घायल हो गए और स्थायी विकलांगता के शिकार हो गए. इस घटना पर प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से सहानुभूति व्यक्त की थी और उस समय प्रदेश के बड़े भाजपा नेता उनका हाल-चाल जानने अपोलो हॉस्पिटल पहुंचे थे।

### पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर लिखा



कल मुझे सूचना मिली थी कि सूरजपुर जिले के भाजपा नेता विशंभर यादव जी ने अपनी बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक तंगी के कारण प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी से इच्छा मृत्यु की मांग की है, मैंने विशंभर जी और उनकी धर्मपत्नी जी से फोन पर बात की है, इस संकट की घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं, उनके इलाज की पूरी व्यवस्था की जाएगी, उनको रायपुर आकर इलाज करवाने का अनुरोध किया है, उनको अच्छा इलाज मिले, वे जल्द स्वस्थ हों, ऐसा हमारा प्रयास रहेगा, दो साल पहले रायपुर में आयोजित प्रधानमंत्री जी की सभा में शामिल होने भाजपा के तत्कालीन मंडल महामंत्री विशंभर जी अपने कार्यकर्ताओं को लेकर बस से जा रहे थे, इस दौरान बस हादसे में गंभीर रूप से घायल विशंभर जी स्थायी विकलांगता के शिकार हो गए हैं।

## चिरमिरी नगर निगम में कचरा प्रबंधन हेतु 6.26 करोड़ की परियोजना मंजूर

### स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव का किया आभार



-संवाददाता-
चिरमिरी,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन तथा उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रयासों से स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की 8 वीं बैठक में चिरमिरी नगर पालिक निगम क्षेत्र में सूखे और गीले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए आधुनिक संयंत्र स्थापित करने तथा संयंत्रों के उन्नयन एवं विकास की योजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर कुल 6 करोड़ 26 लाख 27 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। स्वीकृत परियोजना के तहत सूखे कचरे के लिए उन्नयन एवं विकास हेतु 12 एमआरएफ प्लांट तथा गीले कचरे हेतु 12 नवीन विंड्रो कंपोस्ट प्लांट की स्थापना की जाएगी। संयंत्र निर्माण, उपकरण लागत और अतिरिक्त कार्यों को मिलाकर परियोजना की कुल लागत 4 करोड़ 51 लाख रुपए होगी, जबकि पांच साल के संचालन व संधारण पर 1 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस बड़ी पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव का क्षेत्र की जनता की तरफ से आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि इस परियोजना के जरिए चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में कचरा निस्तारण और रीसाइक्लिंग को नई दिशा मिलेगी। इससे शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।

## मनेन्द्रगढ़ की बाल प्रतिभा ने सबका मन मोहा, 13 वर्षीय अनन्या ने बनाई सुंदर बाल गणेश प्रतिमा

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।



गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर की बाल प्रतिभा ने अपनी कला से सभी का दिल जीत लिया है। अग्रवाल लाज रोड निवासी अनन्या अग्रवाल (आयु 13 वर्ष),पिता श्री विमलेश अग्रवाल ने अपने हाथों से विघ्नहर्ता श्री बाल गणेश की आकर्षक प्रतिमा तैयार की है। सिर्फ 13 वर्ष की उम्र में इतनी निपुणता और श्रद्धा के साथ प्रतिमा निर्माण करना अनन्या की गहरी लगन और कला के प्रति समर्पण को दर्शाता है। मिट्टी से निर्मित इस प्रतिमा को अनन्या ने पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से सजाया है। उनके इस प्रयास ने न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे मोहल्ले और नगर का गौरव बढ़ाया है। प्रतिमा दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु अनन्या की कला की सराहना कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इतनी कम उम्र में इस स्तर की कलाकृति सचमुच प्रेरणादायी है और आने वाली पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रही है। नगरवासियों ने अनन्या की प्रतिभा को भक्ति और कला का अद्भुत संगम बताते हुए उनकी प्रशंसा की है। गणेश उत्सव के अवसर पर यह छोटी-सी झलक पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है।

## घटिया नाली निर्माण पर उठे सवाल,जांच की मांग

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।

जिला खनिज न्यास योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत नागपुर द्वारा एकता नगर क्षेत्र में 10 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कराया गया था। इस कार्य का उद्देश्य वर्षा एवं घरेलू जल निकासी को व्यवस्थित करना और ग्रामीणों को गंदगी से राहत दिलाना था। किंतु ग्रामीण का आरोप है कि यह निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन और भ्रष्टाचार से प्रभावित है।

स्थानीय निवासी रवि शंकर जायसवाल ने आरोप लगाते हुए बताया कि ललिता के घर से नागपुर चौक तक जो नाली बनाई गई थी,वह कुछ ही महीनों में जर्जर हो गई है। नाली को ढकने के लिए लगाए गए स्लैब टूट गए हैं और नाली में पानी लगातार भरा रहता है, क्योंकि निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई। जायसवाल का कहना है कि भाजपा नेता मनोज शुक्ला की देखरेख में यह निर्माण हुआ था,लेकिन इसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जायसवाल ने आगे यह भी बताया कि नाली का निर्माण कार्य अभी छह महीने भी पूरा नहीं हुआ है और स्थिति यह है कि नाली में बदबूदार पानी रुककर मच्छरों का प्रजनन स्थल बन गया है। इससे आसपास रहने वाले परिवारों को डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। वहीं, टूटी हुई स्लैब्स से कभी भी हादसा हो सकता है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा खतरे में है। आरोप है कि निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे नाली की मजबूती पर असर पड़ा। उनका कहना है कि यदि कार्य सही ढंग से किया जाता तो इतने कम समय में नाली टूटती नहीं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, घटिया नाली को तोड़कर नए सिरे से मजबूती के साथ निर्माण कराया जाए। यह मामला एक बार फिर उस बड़ी समस्या को उजागर करता है, जिसमें योजनाओं के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता। ऐसे में ग्रामीणों का भरोसा व्यवस्था से उठता जा रहा है। प्रशासन के लिए यह चुनौती है कि वह पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करे,ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं। देखना यह होगा कि जांच कराई जाती है या नहीं और दोषी पाए जाने पर जिम्मेदार ठेकेदार और पर्यवेक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी या नहीं।



## विद्यालय की सुरक्षा पर संकट:ठेले व गुमटियों के जाल में घिरा शिक्षा का मंदिर,प्रशासन खामोश

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विभाग एवं शा. कन्या (आ.ज.क.) उच्च माध्यमिक विद्यालय के बाहर अवैध ठेले और गुमटियों का फैलता दायरा अब गंभीर समस्या बन चुका है। विद्यालय के प्रवेश द्वार के पास पान ठेला, चाट-फुटकर दुकानें और गुमटियां न केवल यातायात व स्वच्छता में बाधा डाल रही हैं, बल्कि छात्राओं की सुरक्षा पर भी संकट खड़ा कर रही हैं। अभिभावकों ने बताया कि ठेले वालों ने फुटपाथ पर कब्जा कर उसे अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है और इसके बदले कथित तौर पर किराया वसूली का खेल भी चल रहा है। इस वजह से विद्यालय के बाहर हर समय असामाजिक तत्वों की भीड़ लगी रहती है। छात्राओं के आने-जाने के दौरान छींटाकशी और फब्तियां कसने की घटनाएं भी लगातार सामने आती रही हैं।



विद्यालय प्रबंधन ने इस स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। प्रबंधन का कहना है कि पहले भी कई बार जिला प्रशासन को सूचना भेजी गई, लेकिन शिक्षक और स्टाफ का मानना है कि यदि तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो बच्चियों की शिक्षा पर असर पड़ेगा और उनकी सुरक्षा से बड़ा समझौता होगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ छुटभैये नेता प्रशासन पर दबाव डालकर कार्रवाई रुकवा देते हैं। ऐसे नेता अपनी राजनीतिक पकड़ दिखाने के लिए खुद को हम ही राम, हम ही रावण साबित करने में लगे रहते हैं और नतीजतन जनहित के मुद्दे अधर में लटक जाते हैं। यही कारण है कि सड़क चौड़ीकरण, स्वच्छ वातावरण और सुरक्षा जैसी मूलभूत जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रही हैं। अभिभावकों ने मीडिया के माध्यम से शासन-प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय परिसर के चारों ओर का इलाका पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और ठेले-गुमटियों को अन्य स्थानों पर शिफ्ट किया जाए। उनका कहना है कि शिक्षा का मंदिर अव्यवस्था और असुरक्षा का अड्डा न बने, इसके लिए तत्काल ठोस कार्यवाही आवश्यक है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन कब तक इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधे बैठा रहता है और कब बच्चियों की सुरक्षा व स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक कदम उठाया है।

## पूर्व विधायक गुलाब कमरों का भाजपा पर कटाक्ष,कांग्रेस शासनकाल में ही स्थापित हुए थे रामगढ़ और कोटाडोल के टावर

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,28 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।



भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ और कोटाडोल इलाके में हाल ही में बी ए स ए न ए ल मोबाइल टावरों को अपग्रेड कर 4जी सेवा शुरू की गई है। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने भाजपा पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। गुलाब कमरों ने कहा रामगढ़ समेत क्षेत्र में जो टावर आज 4 जी में अपग्रेड हुए हैं, उनकी स्थापना कांग्रेस शासनकाल में ही हो चुकी थी। उस समय क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत जी ने लगातार प्रयास कर इन टावरों की स्वीकृति दिलाई थी। आज भाजपा उन्हीं टावरों पर झूठी वाहवाही लूटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने ही गांव-गांव तक नेटवर्क सुविधा पहुंचाने का बीड़ा उठाया था और ग्रामीणों की सुविधा के लिए लगातार काम किया। भाजपा सरकार सिर्फ कांग्रेस की उपलब्धियों पर अपनी मुहर लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। पूर्व विधायक ने बताया कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में कई बीएसएनएल टावर स्थापित हुए थे। अब रामगढ़ क्षेत्र के 2 टावरों में 4 जी सेवा शुरू हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों को तेज इंटरनेट और बेहतर नेटवर्क की सुविधा मिलेगी। गुलाब कमरों ने यह भी कहा कि शीघ्र ही मझगवां, रेवला और कोटाडोल क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों में भी 4जी नेटवर्क सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि ग्रामीणों को इसका बड़ा लाभ मिलेगा और संचार व्यवस्था मजबूत होगी।

# दलीप ट्रॉफी का पहला दिन : रजत और मालेवार के शतक

## सेंट्रल जोन का स्कोर 432/2,नॉर्थ जोन ने 6 विकेट खोकर 308 रन बनाए

**नई दिल्ली,28 अगस्त (ए)।** भारत के घरेलू क्रिकेट सीजन की शुरुआत गुरुवार से दलीप ट्रॉफी के साथ हुई। नॉर्थ जोन के सामने ईस्ट जोन है, वहीं सेंट्रल जोन का सामना नॉर्थईस्ट जोन से हो रहा है। पहले दिन नॉर्थ और सेंट्रल जोन ने पहले बैटिंग की। सेंट्रल जोन ने स्टंप्स तक 2 विकेट के नुकसान पर 432 रन बना लिए। 77 ओवर के खेल के बाद ही स्टंप्स घोषित कर दिया गया।

वहीं नॉर्थ जोन ने 6 विकेट के नुकसान पर 308 रन बना लिए। 75.2 ओवर के बाद बारिश होने लगी, जिस कारण दिन के आगे का खेल नहीं हो सका। दूसरे दिन का खेल शुक्रवार सुबह 9.30 बजे से शुरू होगा। टूर्नामेंट इस साल जोनल फॉर्मेट में खेला जा रहा है। इसमें छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। दोनों क्वार्टर-फाइनल के विजेता सेमीफाइनल में साउथ और वेस्ट जोन से भिड़ेंगे। फाइनल 11 से 15 सितंबर तक खेला जाएगा।



**नॉर्थ जोन से आयुष बडोनी ने फिफ्टी लगाई :** सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ग्राउंड-1 में ईस्ट जोन ने बॉलिंग चुनी। नॉर्थ जोन से शुभमन खजुरिया ने 26, कप्तान अंकित कुमार ने 30, यश ढुल ने 39, निशांत सिंधु ने 47 और साहिल लोटरा ने 19 रन बनाए। आयुष बडोनी ने फिफ्टी लगाई और टीम को 200 के करीब पहुंचा दिया। दिन का खेल खत्म होने तक विकेटकीपर कन्हैया वाधवान 42 और मयंक डागर 28 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। टीम ने 6 विकेट खोकर 308 रन बना लिए हैं। ईस्ट जोन से मनीषी ने 3 विकेट लिए।

### मालेवार 198 रन बनाकर नॉटआउट लौटे

बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ग्राउंड-2 में नॉर्थईस्ट जोन ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। सेंट्रल जोन से आयुष पांडे 3 रन ही बना सके। दानिश मालेवार ने फिर विकेटकीपर आर्यन जुयाल के साथ मिलकर टीम को 100 रन पार पहुंचा दिया। आर्यन 60 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। नंबर-4 पर उतरे कप्तान रजत पाटीदार ने तेजी से बैटिंग की। उन्होंने महज 96 गेंद पर 125 रन बनाए और टीम को 350 के करीब पहुंचा दिया। उनके विकेट के बाद भी मालेवार टिके रहे, उन्होंने यश राठौड़ के साथ मिलकर टीम का कोई और विकेट नहीं गिरने दिया। मालेवार 198 और यश 32 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। नॉर्थईस्ट जोन से आकाश कुमार और जोतिन फिरोइजाम ने 1-1 विकेट लिया।

### गिल, ईश्वरन और जुरेल नहीं खेल सके

नॉर्थ जोन टीम की कप्तानी शुभमन गिल को सौंपी गई थी। हालांकि, गिल बीमार होने की वजह से यह मुकाबला नहीं खेल सके। गिल की गैरमौजूदगी में अंकित कुमार ने टीम की कप्तानी संभाली। ईस्ट जोन के कप्तान अभिमन्यु ईस्वरन और सेंट्रल जोन के कप्तान ध्रुव जुरेल भी बीमारी के कारण मैच नहीं खेल सके। रियान पराग ने ईस्ट जोन की कप्तानी संभाली, वहीं रजत पाटीदार को सेंट्रल जोन की कमान सौंपी गई।

## फिर गरजा संजू सैमसन का बल्ला : गेंदबाजों की उधेड़ी बखियां,37 गेंद में ठोक डाले इतने रन

**नई दिल्ली,28 अगस्त (ए)।** एशिया कप से पहले संजू सैमसन का बल्ला जमकर है आग उगल रहा है। केरला क्रिकेट लीग में वह गुरुवार को त्रिवेंद्रम रॉयल्स के खिलाफ ओपनिंग करने उतरे और मैदान पर चौके छक्कों की बारिश कर दी। संजू सैमसंग ने हर गेंदबाज को धोया और 37 गेंद में 62 रनों की पारी खेल डाली। उन्होंने पांच छक्के और चार चौके लगाए। यह लीग में तीसरी ऐसी पारी है, जिसमें उन्होंने ओपनिंग करते हुए 50 से ज्यादा रन बनाए हैं।

**नहीं थम रहा सैमसन का तूफान :** इससे पहले संजू सैमसन ने कोल्लम सेलर्स के खिलाफ 121 रनों की पारी खेली थी, जिसमें उन्होंने 14 चौके और सात छक्के लगाए थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 237 से भी अधिक रहा था। कोच्चि ब्लू टाइगर्स को उनकी शतकीय पारी की बदौलत चार विकेट से जीत मिली थी। संजू सैमसन ने त्रिशूल टाइटंस के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेली। त्रिशूल टाइटंस के खिलाफ संजू सैमसन ने 89 रनों की पारी खेली। कालीकट ग्लोबस्टार के खिलाफ वह ओपनिंग करने नहीं उतरे और 9 रन बनाकर आउट हो गए। इस मुकाबले में भी कोच्चि ब्ल्यू टाइगर्स को हार का सामना करना पड़ा।



आज खेले जा रहा है त्रिवेंद्रम रॉयल्स के खिलाफ संजू सैमसन फिर से ओपनिंग करने उतरे और फिर से उन्होंने गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए सिर्फ 37 गेंद में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 62 रन बना डाले, जिसकी बदौलत कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने 20 ओवर में 5 विकेट गंवाकर 191 रन बनाए। अब तक इस टूर्नामेंट में संजू सैमसन तीन बार ओपनिंग करने उतरे हैं और तीनों बार ही उन्होंने टीम को बेहतरीन शुरुआत दी है। इस दौरान उन्होंने एक शतक और दो अर्धशतकीय पारियां खेली हैं। एशिया कप से पहले संजू सैमसन का ओपनिंग करते हुए रनों का अंबार लगाना, टीम इंडिया के लिए ओपनिंग का दावेदार बनता है।

## पीवी सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं

### वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी को हराया;मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव-तनिषा की जोड़ी भी जीती

**नई दिल्ली,28 अगस्त (ए)।** डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने गुरुवार को विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 16 मैच में चीन की वांग झी को सीधे गेम में हराकर बाहर कर दिया। मिक्स्ड डबल्स इवेंट में भी भारतीय जोड़ी को सफलता मिली।

**वर्ल्ड नंबर-2 के खिलाफ हावी हैं सिंधु :** ओलिंपिक में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकीं सिंधु ने वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखा। सिंधु ने 5वें हेड टु हेड मैच में वांग को तीसरी बार हराया। वर्ल्ड नंबर-15 सिंधु ने पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद 21-19 के



अंतर से जीता। सिंधु ने पहला गेम जीतने के बाद दूसरे गेम में भी 12-6 के अंतर से बढ़त बना ली। उन्होंने इस बढ़त को कायम रखा और 21-15 के अंतर से दूसरा गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना वर्ल्ड नंबर-1 साउथ कोरिया की आन से यंग से हो सकता है।

**3 गेम में जीतीं मिक्स्ड डबल्स जोड़ी :** वर्ल्ड नंबर-16 भारत के ध्रुव कपिला और तनिषा कृष्टो की जोड़ी ने 3 गेम में राउंड ऑफ 16 मैच जीता। वर्ल्ड नंबर-2 हॉन्ग कॉन्ग के तांग चुन मिन और से यिंग सुट ने दोनों को पहला गेम 21-19 के अंतर से हरा दिया। ध्रुव-तनिषा ने दूसरे गेम में वापसी की और 21-12 से जीत दर्ज कर मैच बराबर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने 21-15 के अंतर से तीसरा गेम जीता और क्वार्टर फाइनल में एंट्री कर ली।

### प्रणय को वर्ल्ड नंबर-2 ने हराया

मेंस सिंगल्स इवेंट में भारतीय चुनौती खत्म हो गई। एचएस प्रणय को बुधवार देर रात राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें वर्ल्ड नंबर-2 डेनमार्क के आंद्रेस एंटोनसेन ने 3 गेम में हरा दिया। आंद्रेस ने पहला गेम बेहद आसानी से 21-7 के अंतर से जीत लिया। प्रणय ने वापसी की और 21-17 से दूसरा गेम अपने नाम किया और मैच बराबरी पर ला दिया। तीसरे गेम में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और एक समय स्कोर 21-21 से बराबर हो गया। एंटोनसेन ने फिर अटैकिंग गेम खेला और 23-21 से तीसरा गेम जीतकर मैच भी अपने नाम कर लिया। प्रणय से पहले राउंड ऑफ 64 में लक्ष्य सेन को वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा था।

## विजय शंकर ने छोड़ा तमिलनाडु नई टीम करेंगे जॉइन

**नई दिल्ली,28 अगस्त (ए)।** तमिलनाडु के ऑल राउंडर विजय शंकर ने 2025-26 घरेलू सीजन से पहले अपने होम स्टेट तमिलनाडु को छोड़ने का फैसला किया है। 34 साल के विजय को तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन ने नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट दे दिया है। विजय ने हाल ही में चेन्नई में हुए बुची बाबू टूर्नामेंट के पहले राउंड में टीएनसीए प्रेसिडेंट्स XI के लिए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ खेला था, लेकिन महाराष्ट्र के खिलाफ दूसरे राउंड में उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। इसके बाद, सभी प्रारूपों में अधिक मौके पाने के लिए उन्होंने राज्य बदलने का फैसला लिया। 2024-25 सीजन में विजय तमिलनाडु के पहले दो रणजी ट्रॉफी मैचों में नहीं खेले और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के कई मैचों में भी उन्हें बेंच पर बैठना पड़ा। विजय ने तमिलनाडु के लिए 13 साल तक खेला और इस दौरान उन्होंने टीम को विजय हजारे, देवधर ट्रॉफी में और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खिताब दिलाए। 2012 में रणजी डेब्यू के बाद, उन्होंने बी इंद्रजीत के साथ मिलकर मध्यक्रम में अहम भूमिका निभाई।

रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 81 पारियों में 44.25 की औसत से 3142 रन बनाए, जिसमें 11 शतक और 16 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा, उनकी मध्यम-तेज गेंदबाजी से उन्होंने 43 विकेट भी लिए। 2014-15 में विजय ने रणजी में 11 पारियों में 57.70 की औसत से 577 रन बनाकर सुर्खियां बटोरीं और भारत ए टीम में जगह बनाई।

## मोहम्मद शमी ने रिटायरमेंट की अफवाहों को किया खारिज

### बोले...वनडे वर्ल्ड कप जीतना मेरा सपना है,मैं 2027 में वहां रहना चाहता हूं...

**नई दिल्ली,28 अगस्त (ए)।** मोहम्मद शमी ने अपनी रिटायरमेंट की अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। 34 साल के शमी ने साफ कहा कि जब तक उनमें खेल के प्रति जुनून और प्रेरणा बनी रहेगी, वह मैदान पर डटे रहेंगे। शमी को इंग्लैंड में एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी और 9 सितंबर से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप के लिए भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है। शमी ने उनके रिटायरमेंट की अफवाहों पर तीखा जवाब देते हुए कहा, अगर किसी को मुझसे दिक्कत है, तो सामने आकर बताए। मेरे रिटायर होने से किसकी जिंदगी बेहतर हो जाएगी? मैं किसी की जिंदगी में पत्थर क्यों बनूं कि तुम्हें मुझसे रिटायरमेंट चाहिए? जिस दिन मुझे बोरियत होगी, मैं खुद मैदान छोड़ दूंगा। आप मुझे न चुनें, न खिलाएं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं मेहनत करता रहूंगा।

**घरेलू क्रिकेट में भी खेलने को तैयार :** शमी ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौका न मिले, तो वह घरेलू क्रिकेट खेलना जारी



### जब तक प्यार है खेलता रहूंगा : शमी

शमी ने कहा, मुझे अभी भी क्रिकेट से प्यार है। जिस दिन यह जुनून खत्म होगा, मैं खुद मैदान छोड़ दूंगा। तब तक मैं लड़ता रहूंगा। शमी का यह बयान न केवल उनकी दृढ़ता और जुनून को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि वह अभी भी भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ दे सकते हैं। उनके इस जज्बे को देखकर फैंस को 2027 वनडे वर्ल्ड कप में शमी की वापसी की उम्मीद जरूर बंधी है।

रखेंगे। उन्होंने कहा,अगर आप मुझे अंतरराष्ट्रीय मैचों में नहीं चुनते, तो मैं घरेलू क्रिकेट खेलूंगा। मैं कहीं न कहीं खेलता रहूंगा। रिटायरमेंट जैसा फैसला तब लिया जाता है, जब आपको लगे कि आप बोर हो गए हैं, जब आप सुबह 7 बजे टेस्ट मैच के लिए उठना नहीं चाहते। लेकिन मेरे लिए अभी वह वक्त नहीं आया। आप चाहें तो मैं सुबह 5 बजे भी उठकर तैयार हो जाऊंगा।

**ओडीआई वर्ल्ड कप जीतने का अधूरा सपना :** शमी ने बताया कि उनका सबसे बड़ा लक्ष्य वनडे वर्ल्ड कप जीतना है, जो उनका एकमात्र अधूरा सपना है। 2023 वर्ल्ड कप में भारत के फाइनल तक पहुंचने की याद ताजा करते हुए उन्होंने कहा, मेरा एक ही सपना बाकी है, वह है वनडे वर्ल्ड कप जीतना। 2023 में हम बहुत करीब थे। हमें भरोसा था, लेकिन नॉकआउट स्टेज में डर भी था। फैंस का उत्साह और समर्थन हमें प्रेरित करता था। शायद उस वक्त मेरी किस्मत में नहीं था, लेकिन मैं 2027 में वहां होना चाहता हूं। फिटनेस पर की कड़ी मेहनत शमी ने अपनी फिटनेस पर भी बात की। हाल के समय में चोटों से जूझने के बावजूद उन्होंने पिछले दो महीनों में अपनी फिटनेस पर कड़ा काम किया है। उन्होंने वजन कम किया, गेंदबाजी में लय हासिल की और लंबे स्पेल डालने की तैयारी की। शमी ने कहा, मैंने ट्रेनिंग की, अपनी स्किल्स को और बेहतर किया, बल्लेबाजी और फील्डिंग की प्रैक्टिस की, जिम में पसीना बहाया। सब कुछ किया। मेरा फोकस लय हासिल करने और लंबे स्पेल डालने पर है।

### आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेले

शमी ने आखिरी बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेला था। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता और शमी ने 5 मैचों में 9 विकेट लिए, जो भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक थे। हालांकि, उनकी गेंदबाजी महंगी रही, क्योंकि उन्होंने प्रति ओवर 5.68 रन दिए।

## इंडस्ट्री ने काम देना बंद कर दिया था,पति ने कास्ट किया हम रेसिस्ट हैं,बदलने में वक्त लगेगा : पल्लवी जोशी

### अपने अभिनय के लिए नैशनल अवॉर्ड की हकदार रही पल्लवी जोशी के करियर में एक दौर ऐसा भी आया, जब उनके पास काम नहीं था। कश्मीर फाइल्स के बाद वे चर्चा में हैं द बंगाल फाइल्स से..

**तकरीबन 35 सालों के करियर में नैशनल अवॉर्ड ही नहीं बल्कि आप फिल्म और टीवी दोनों का हिस्सा रहीं हैं, मगर लंबे अरसे से आपने अभिनेत्री के रूप में खुद को डायरेक्टर पति विवेक अग्निहोत्री की फिल्मों तक सीमित कर लिया है?**

मैं तो विवेक की बहुत शुक्रगुज़ार हूं कि वो मेरे लिए किरदार लिख रहे हैं। कम से कम मैं उनकी फिल्मों में तो काम कर पा रही हूं, क्योंकि बाहर की फिल्मों में तो मुझे काम मिलना बंद हो गया था। ये हुआ 2004-5 से। मेरी दो सहेलियां हैं, रेणुका (शहाणे) और मृणाल जिन्होंने मुझे कास्ट किया। अन्यथा मुझे तो कोई ऑफर्स ही नहीं आ रहे थे। मुझे टीवी के वही डेली सोप के प्रस्ताव आ रहे थे, जो मैं करना नहीं चाहती थी। उसमें कोई किरदार नहीं होता, आप किसी की मां या सास होते हैं और वो चरित्र कभी भी पलटी मार सकता है। मेरे लिए रोल की शुरुआत और एंडिंग जानना जरूरी होता है। मैं अभिनय नहीं कर रही थी तो मैंने अपना प्रोडक्शन शुरू किया। मैंने दो हजार के दशक में दो मराठी फ़िल्में बनाई थीं। फिर हमने अपना होम प्रोडक्शन शुरू किया।

**आप जैसी समर्थ अदाकारा के लिए रोल्स की कमी क्यों कर हुई?**

मुझे कोई आइडिया नहीं है। हां बीच में दो हजार के दशक में मेरी समकालीन अभिनेत्रियां घर बैठ गई थीं। ये चलन हो गया था कि अरे इनको बहुत देख लिया है, नए चेहरों को लो। मेरे साथ की कई अभिनेत्रियों को नुकसान पहुंचा था। नीना गुप्ता को छोड़ दिया जाए, और उन्होंने भी ट्विटर पर डाल दिया था कि उन्हें काम नहीं मिल रहा, तो उसके बाद उन्हें काम मिलने लगा। वरना वे कितने सालों तक घर पर बैठी थीं। ये दुखद है, मगर जो अच्छे एक्टर्स होते हैं, वे अच्छे कैरेक्टर भी तो चाहते हैं।

**इंडस्ट्री में अनकन्वेंशनल रूप-रंग के कारण आपको रिजेक्शन का शिकार होना पड़ा था?**

बहुत पहले हुआ था। विवेक मुझे किसी टीवी प्रॉजेक्ट के लिए कास्ट कर रहे थे, तो एक सीनियर पर्सन ने कहा, पल्लवी जोशी को कास्ट मत करो, वो काली है। तब विवेक ने हंस कर कहा था, मेकअप भी कोई चीज होती है। मगर ये तो होता ही है। हमारे यहां जब बच्चा पैदा होता है, तो पूछा जाता है, गोरा है या काला है? हमें आज भी गोरी चमड़ी का ऑब्सेशन है। लड़का है या लड़की है? यह भी पूछा जाता है, तो हम रेसिस्ट भी हैं और सेक्सिस्ट भी।

**आपके निर्देशक पति विवेक अग्निहोत्री का कहना है कि द बंगाल फाइल्स एजेंडा वाली फिल्म है, आप क्या कहेंगी?**

देखिए, ये सच तो है, मगर उसे कहने का मेरा तरीका विवेक से हट कर है। मैं कहती हूं कि किसी एक फैक्ट को नहीं छुपाया गया कि इससे देश का सोशल फैब्रिक खराब होगा, हमने देखा कि जो-जो हमने सहा, वो सब कुछ दबा कर रख दिया गया। कहने का अर्थ ये है कि जो पूरा सच छुपाया गया, वो एक एजेंडा था। भारतीय नागरिक होने के नाते इस एजेंडे को बेनकाब करना मेरा कर्तव्य है। मैं फिल्म में मां भारती का किरदार कर रही हूं।



## मदद मांगने के बाद हंसल मेहता को मिला कनाडा वीजा

### टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में 'गांधी' के प्रीमियर को लेकर सोशल मीडिया पर मांगी थी हेल्प

फिल्ममेकर हंसल मेहता की नई वेब सीरीज गांधी का प्रीमियर अगले महीने टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होना है, लेकिन इवेंट से सिर्फ 10 दिन पहले उन्हें वीजा को लेकर परेशानी हुई। हंसल मेहता ने बताया था कि वह और उनकी टीम अभी तक कनाडा वीजा का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर मदद मांगते हुए लिखा, क्या कोई दिल्ली स्थित कैनेडियन हाई कमीशन में वीजा को लेकर मदद कर सकता है? हम अपने वर्ल्ड प्रीमियर से सिर्फ 10 दिन दूर हैं और अभी तक वीजा नहीं मिला। पासपोर्ट भेजे हुए करीब 3 हफ्ते हो चुके हैं।

हालांकि, इस ट्वीट के बाद हंसल मेहता को आखिरकार कनाडा वीजा मिल गया है। आज वीजा मिलने पर उन्होंने कहा, वीजा मिल गया! उन सभी का शुक्रिया जिन्होंने मुझसे संपर्क किया और मदद की पेशकश की। बता दें कि कुछ समय पहले हंसल ने सीरीज



को लेकर अपडेट भी दिया था। उन्होंने बताया था कि गांधी TIFF के प्राइम टाइम स्लॉट में चुनी जाने वाली पहली भारतीय सीरीज है। उन्होंने लिखा था, एक साहसिक सपना, जो विश्वास और मेहनत से बना, अब दुनिया के सामने है। गांधी का वर्ल्ड प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में होगा। यह पहली भारतीय सीरीज़ है जिसे TIFF के प्राइमटाइम स्लेट में जगह मिली है। फेस्टिवल के 50वें साल में यह कहानी यहां दिखाई जाएगी, जो एक साथ व्यक्तिगत और सार्वभौमिक है। हंसल मेहता द्वारा डायरेक्ट की इस सीरीज में प्रतीक गांधी लीड रोल में हैं। इससे पहले भी दोनों स्कैम 1992 में साथ काम कर चुके हैं। यह सीरीज लोगों को बहुत पसंद आई थी। हंसल मेहता ने करियर की शुरुआत में दिल पे मत ले यार (2000), ये क्या हो रहा है? (2002) और वुडस्टॉक विला (2008) जैसी फिल्में बनाई। उन्हें पहचान फिल्म शाहिद (2013) से मिली, जिसके लिए उन्हें नेशनल फिल्म अवॉर्ड बेस्ट डायरेक्शन मिला। इसके बाद उन्होंने स्कैम और स्कूप जैसी सीरीज से ओटीटी की दुनिया में नाम कमाया।

# भूपेश कैबिनेट ने एफएल-10 लाइसेंस को दी मंजूरी

## ईओडब्ल्यू चालान में हुआ जिक्र,रमन बोले...राजनीति का सबसे बड़ा क्राइम

**रायपुर,28 अगस्त 2025।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले में ईओडब्ल्यू की ओर से दो दिन पहले पेश किए गए पूरक चालान में भूपेश कैबिनेट की बैठक का जिक्र है। कैबिनेट में नई लाइसेंस प्रणाली (एफएल10ए/10बी) को फरवरी 2020 में स्वीकृति मिली, फिर आदेश भी जारी किया गया। इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि, शुरू से लेकर अंत तक कांग्रेस सरकार ने सरकारी खजाने में डाका डालने का काम किया है। इससे बड़ा अपराध हिंदुस्तान की राजनीति में कभी नहीं हुआ है। वहीं, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने इसे कांग्रेस को बदनाम करने का षड्यंत्र बताया है। उन्होंने कहा कि, भाजपा सरकार में 3 प्रतिशत कमीशन की जांच कौन करेगा। जांच एजेंसी केवल कांग्रेस के लिए है क्या ?

### कैबिनेट में (एफएल-10ए/10बी) लाइसेंस लागू करने मिली थी स्वीकृति

- ईओडब्ल्यू ने अपने चालान में लिखा है कि,1 अप्रैल 2020 से नई आबकारी नीति लागू की गई। इस नीति का तर्क दिया गया कि दुकानों में कई ब्रांड्स की कमी की शिकायतों को दूर करने के लिए विदेशी शराब के सप्लाई और भंडारण के लिए नई लाइसेंस प्रणाली (एफएल-10ए/10बी) लाई जाए।
- प्रस्ताव के अनुसार, विदेशी शराब के लाइसेंसधारी (एफएल-10ए/10बी) अपने पंजीकृत सप्लायर की मदिरा सीएसबीसीएल के गोदामों में भंडारित करेंगे। वहीं से सीएसएमसीएल को सप्लाई करेंगे।
- यदि बिक्री न हो,तो सीएसबीसीएल और सीएसएमसीएल को शास्ति अधिरोपित करने का अधिकार होगा। इस प्रस्ताव को मंत्री परिषद ने 8 फरवरी 2020 को स्वीकृति दी गई। 11 फरवरी 2020 को आदेश जारी हुआ।

### भाजपा सरकार पर भी क्यों नहीं हो रही

बैज ने जांच एजेंसियों को घेरते हुए कहा कि, कांग्रेस के लिए एक तरफा कार्रवाई क्यों हो रही है। भाजपा सरकार में हो रही गड़बड़ियों पर एजेंसी जांच क्यों नहीं कर रही है। ऐसा दोहरा चरित्र नहीं चलेगा। कांग्रेस पर एक तरफा कार्रवाई नहीं चलेगी। हम गलत नहीं है कार्रवाई से नहीं डरेंगे। लेकिन भाजपा सरकार में गड़बड़ी हो रही है, तो उसकी भी जांच होनी चाहिए। चूहा और बिल्ली का खेल नहीं चलेगा।

### इससे बड़ा अपराध हिंदुस्तान की राजनीति में कभी नहीं हुआ : रमन

रमन सिंह ने कहा कि, इससे बड़ा अपराध हिंदुस्तान की राजनीति में कभी नहीं हुआ जो छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले के रूप में हुआ है। पैसा आ रहा और दो हिस्सों में बट रहा है। यह बात प्रामाणिकता के साथ है। उन्होंने कहा कि,राजनीति के क्षेत्र में हम काम करते हैं। बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। लेकिन खुले किताब की तरह करप्शन भी हिम्मत का काम है। ऐसे हिम्मत वाले लोगों को सोचता हूं कि ये लोग बहुत अद्भुत हैं।

### 3 प्रतिशत कमीशन की जांच कौन करेगा : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि, ईओडब्ल्यू-ईडी कांग्रेस को बदनाम करने और नेताओं को टारगेट करने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र अपना रही है। हमारे नेताओं को जेल भेज दिया गया है। उसके बाद भी तसल्ली नहीं हुई। फिर से तलाश कर रही है। बैज ने कहा कि, भाजपा सरकार में 3 प्रतिशत कमीशन की जांच कौन करेगा। एक जग 32 हज़ार में खरीदा जाता है,1 लाख का टीवी 10 लाख में खरीदा जाता है।

### विजय भाटिया को 14 करोड़, संजय-मनीष-अभिषेक को 11 करोड़ मिले

बता दें कि, ईओडब्ल्यू ने मंगलवार को रायपुर के विशेष कोर्ट में 6 वां चालान पेश किया। चालान के अनुसार ओम साई बेवरेज से जुड़े विजय कुमार भाटिया को 14 करोड़ मिले हैं। विजय भाटिया ने अलग-अलग अकाउंट और डमी डायरेक्टरों के जरिए रुपए निकाले। ईओडब्ल्यू की जांच के मुताबिक नेक्सजेन पावर इंजिटेक से जुड़े संजय मिश्रा, मनीष मिश्रा और अभिषेक सिंह को 11 करोड़ मिले। एफएल-10 /B लाइसेंस व्यवस्था लागू कर सिंडिकेट ने घोटाला किया था। इस अभियोग पत्र में ईओडब्ल्यू ने कांग्रेस सरकार में घोटाला होने और घोटाले के पैटर्न का उल्लेख किया है। ओम साई ब्रेवरेज से जुड़े विजय कुमार भाटिया को छुपा लाभार्थी बताया गया है। जिसने अलग-अलग खातों और डमी डायरेक्टरों के जरिए करोड़ों रुपए निकाले। वहीं, नेक्सजेन पावर इंजिटेक से संजय मिश्रा, मनीष मिश्रा और अभिषेक सिंह को 11 करोड़ मिले।



### एफएल-10 लाइसेंस क्या है ?

एफएल-10 का फुल फॉर्म है, फॉरेन लिकर-10। इस लाइसेंस को छत्तीसगढ़ में विदेशी शराब की खरीदी के लिए राज्य सरकार ने ही जारी किया था। जिन कंपनियों को ये लाइसेंस मिला है, वे मैन्युफैक्चरर्स यानी निर्माताओं से शराब लेकर सरकार को सप्लाई करते थे। इन्हें थर्ड पार्टी भी कह सकते हैं। खरीदी के अलावा भंडारण और ट्रांसपोर्टेशन का काम भी इसी लाइसेंस के तहत मिलता है। हालांकि, इन कंपनियों ने भंडारण और ट्रांसपोर्टेशन का काम नहीं किया। इसे बेवरेज कॉर्पोरेशन को ही दिया गया था। इस लाइसेंस में भी ए और बी कैटेगरी के लाइसेंस धारक होते थे।

### सिंडिकेट बनाकर किया गया घोटाला

ईओडब्ल्यू के अफसरों ने न्यायालय को बताया कि,जांच में सामने आया कि तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारी अनिल टुटेजा, अरुणपति त्रिपाठी, निरंजन दास, अनवर ढेबर, विकास अग्रवाल और अरविंद सिंह ने मिलकर सिंडिकेट बनाया और शराब घोटाला किया। इस सिंडिकेट के नियंत्रण में शासकीय शराब दुकानों में सप्लाई पर कमीशन, डिस्टलरी से अतिरिक्त शराब निर्माण कर अवैध बिक्री और विदेशी शराब की सप्लाई पर भी अवैध वसूली की व्यवस्था बनाई गई थी।

**सरकार को 248 करोड़ का नुकसान हुआ :** ईओडब्ल्यू के जांच अधिकारियों के अनुसार, साल 2020-21 में नई आबकारी नीति लागू कर विदेशी शराब सप्लाई का ठेका तीन प्राइवेट कंपनियों को दिया गया। इनमें ओम साई ब्रेवरेज प्रा.लि., नेक्सजेन पावर इंजिटेक प्रा.लि. और दिशिता वेंचर्स प्रा.लि. शामिल थीं। ईओडब्ल्यू का कहना है कि इन कंपनियों को लाइसेंस देने से सरकार को करीब 248 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

**क्या है छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला :** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में 3200 करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। इस घोटाले में राजनेता, आबकारी विभाग के अधिकारी, कारोबारी सहित कई लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज है।

## प्रेम विवाह को लेकर हिंसक झड़प 11 गिरफ्तार,पुलिस बल तैनात



**खैरागढ़,28 अगस्त 2025।** जिले के ग्राम कोड़ेनवागांव में प्रेम विवाह से उपजी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया,जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया। बुधवार रात हुए इस टकराव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस के अनुसार,जितेंद्र साहू और नरेंद्र साहू ने प्रेम विवाह को लेकर पुरानी रंजिश के चलते दुलरू साहू और उनकी बेटी पर हमला कर दिया। यह घटना रात करीब 9 बजे की है, जिसके बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मुख्य आरोपियों को हिरासत में लिया। हालांकि, इसके बाद स्थिति और बिगड़ गई। कुछ ग्रामीण, जो शराब के नशे में थे, हिरासत में लिए गए आरोपियों पर हमला करने के लिए उग्र हो गए। पुलिस ने सख्ती बरतते हुए भीड़ को नियंत्रित किया, लेकिन गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपियों के घरों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया और राकेश नेताम सहित 9 अन्य लोगों को मौके से हिरासत में लिया। इस घटना में दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं, और अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। घटना के बाद रात करीब 12 बजे खैरागढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) लक्ष्य शर्मा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर मीडिया को मामले की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया है और गांव में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। एसपी ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और कानून हाथ में न लेने की अपील की।

### छत्तीसगढ़ में शोक की लहर

## रायपुर की पहली महिला विधायक रजनी ताई उपासने का निधन



**रायपुर,28 अगस्त 2025।** छत्तीसगढ़ की राजनीति के लिए आज का दिन अत्यंत दुखद रहा। रायपुर शहर की पहली महिला विधायक रजनी ताई उपासने का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लंबे समय से अस्वस्थ रजनी ताई के निधन की खबर से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर छा गई।

**ऐतिहासिक जीत :** रजनी ताई ने 1977 के विधानसभा चुनाव में जनता पार्टी के टिकट पर रायपुर सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने कांग्रेस के शारदा चरण तिवारी को हराकर इतिहास रच दिया था। इस जीत ने उन्हें रायपुर की पहली महिला विधायक बनाया, जो आज तक इस सीट से इकलौती महिला विधायक हैं। 46 वर्ष की आयु में उनकी यह उपलब्धि एक मिसाल बनी।

**सक्रिय सामाजिक जीवन :** राजनीति में प्रवेश से पहले रजनी ताई जनसंघ की समर्पित कार्यकर्ता थीं। वे कई सामाजिक आंदोलनों में सक्रिय रहीं और अपने संघर्ष से उन्होंने विशेष पहचान बनाई। उनकी सादगी और जनसेवा की भावना ने उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बनाया।

**रायपुर की इकलौती महिला विधायक :** रायपुर विधानसभा क्षेत्र के इतिहास में रजनी ताई ही एकमात्र महिला विधायक रहीं। उनके निधन से छत्तीसगढ़ ने एक प्रेरणादायी और समर्पित नेता खो दिया। उनकी सादगी और जनसेवा की विरासत हमेशा याद की जाएगी।

## बस्तर संभाग में फिर एक शिक्षादूत को मार डाला नक्सलियों ने

### सुकमा जिले के सिलगेर में की शिक्षादूत की हत्या



**जगदलपुर, 28 अगस्त (ए)।** नक्सलियों ने बस्तर संभाग में फिर एक शिक्षादूत की निर्मम हत्या कर दी है। ताजा मामला संभाग के सुकमा जिले का है, जहां शिक्षादूत लक्ष्मण बारसे को मौत के घाट उतार दिया गया है। सुकमा के जगरगुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलगेर में 27 अगस्त की रात्रि लगभग 7.30 बजे मंडीमरका स्कूल में कार्यरत 30 वर्षीय शिक्षादूत लक्ष्मण बारसे पिता सोमलू की हत्या कर दी गई। लक्ष्मण बारसे बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र के पेगड़ापल्ली गांव के निवासी थे और सिलगेर में रहकर शिक्षा दूत के रूप में ग्रामीण बच्चों के बीच ज्ञान का उजियारा बिखेर रहे थे। नक्सलियों ने धारदार हथियार से शिक्षा दूत लक्ष्मण बारसे की हत्या कर दी और बीच बचाव दौरान परिजनों के साथ भी मारपीट की। जगरगुंडा थाना पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बस्तर संभाग के बीजापुर और सुकमा जिले में नक्सली अब तक लगभग आधा दर्जन शिक्षा दूतों के साथ ही कुछ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भी हत्या कर चुके हैं।

## खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई 41 गैस सिलेंडर जब्त

**बिलासपुर,28 अगस्त 2025।** शहर में घरेलू गैस की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग के खिलाफ खाद्य विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 41 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए हैं। टीम ने रिफिलिंग में उपयोग होने वाली बांसुरी और तौल मशीन भी कब्जे में ली है। विभाग ने तीन दुकानों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। खाद्य विभाग ने यह अभियान जनसुरक्षा और उपभोक्ताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया। जांच के दौरान टीम ने ओल्ड बस स्टैंड स्थित आशीष ट्रेडर्स से 10 सिलेंडर, शुभम किचन केयर कोनी से 13 सिलेंडर और आर्य फ्रिज एवं गैस चूल्हा रिपेयर सेंटर कोनी से 18 सिलेंडर जब्त किए। इसके अलावा 05 बंसी बांसुरी और 02 तौल मशीनें भी जब्त की गईं। इस कार्रवाई में सहायक खाद्य अधिकारी राजीव लोचन तिवारी, सविता शर्मा, अजय मौर्य, विनीता दास तथा खाद्य निरीक्षक मंगेश कांत शामिल थे।

संवाद 45017/53

## बस्तर बाढ़ प्रभावितों की हर संभव करें मदद : सीएम साय

### मुख्यमंत्री श्री साय ने बाढ़ प्रभावित जिलों की समीक्षा के दौरान दिया दिशा-निर्देश



**बीजापुर, 28 अगस्त (ए)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के प्रत्येक बाढ़ प्रभावित परिवार तक हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की पीड़ा को शीघ्र कम करना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन उनके साथ मजबूती से खड़ा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित जिलों–बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के कलेक्टरों व वरिष्ठ अधिकारियों से राहत एवं पुनर्वास कार्यों की विस्तृत समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ से हुई जनहानि और पशुहानि प्रभावित परिवारों को राहत राशि बिना विलंब के उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त आवासों के सुधार हेतु तिरपाल,बाँस-बल्ली और राहत राशि का वितरण प्राथमिकता से किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिलों के प्रभारी सचिव अपने-अपने जिलों का भ्रमण करें और राहत कार्यों का सतत पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रभावित गाँवों से सड़क संपर्क बहाल करने, क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों की मरम्मत और बिजली आपूर्ति पुनर्स्थापना का कार्य युद्धस्तर पर किया जाए। उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की शीघ्र बहाली राहत कार्यों की सफलता की कुंजी है। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव श्री जैन ने कलेक्टरों से कहा कि यदि उन्हें शासन स्तर से अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता हो तो वे तुरंत प्रस्ताव भेजें, ताकि शासन स्तर पर शीघ्र निर्णय लिया जा सके। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह ने कलेक्टरों को निर्देश दिया कि राहत शिविरों में भोजन, कपड़े और सूखा राशन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि राहत शिविरों और प्रभावित गाँवों में स्वास्थ्य शिविर और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। बैठक के प्रारंभ में राजस्व सचिव श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने मुख्यमंत्री को बस्तर में बाढ़ की स्थिति और अब तक किए गए राहत कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी बाढ़ प्रभावित जिलों को अतिरिक्त राशन का आबंटन भी कर दिया गया है और सामग्री प्रभावित परिवारों तक पहुँचाई जा रही है। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री श्री साय ने चारों जिलों के कलेक्टरों से सीधे संवाद कर उनके-अपने जिलों में चल रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

## करोड़ों की पेनाल्टी : संपत्ति कर जमा नहीं किया,जेके लक्ष्मी सीमेंट पर नगर निगम ने लगाया 9.12 करोड़ का जुर्माना



**दुर्ग,28 अगस्त 2025 ।** जिले के अहिवारा नगर पालिका ने संपत्ति कर जमा नहीं करने पर जेके लक्ष्मी सीमेंट संयंत्र पर 9.12 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। दरअसल हाईकोर्ट के आदेश पर सीमेंट कंपनी की संपत्ति की जांच की गई। इससे पता चला कि कंपनी ने 1.90 लाख स्क्वायर फीट निर्माण की जानकारी नगर पालिका को नहीं दी थी। नगर पालिका ने समयावधि में पैनाल्टी की राशि जमा करने का निर्देश दिया है। जेके लक्ष्मी सीमेंट संयंत्र को यह भी आदेश दिया गया है कि 15 दिन के अंदर भवन अनुज्ञा के लिए नगर पालिका अंतर्गत निर्मित संपूर्ण भवन, संरचनाओं का नगर तथा ग्राम निवेश से अनुमोदित अभिन्यास के साथ भवन निर्माण अनुमति के लिए 4 प्रति में रेखांक प्रस्तुत किया जाए, जिससे नियमानुसार अवैध भवनों का 187 (क) के प्रावधानों के तहत निर्माण की अनुमति प्रदान की जा सके।

इसके साथ ही नियम समय में आवश्यक दस्तावेज और कर राशि जमा की जाए।

## शिक्षादूत की निर्मम तरीके से हत्या कर दी नक्सलियों ने...परिजनों पर भी किया हमला



**सुकमा,28 अगस्त 2025।** नक्सलियों ने जगरगुंडा थाना क्षेत्र में एक शिक्षादूत की निर्मम हत्या कर दी। घटना सिलगेर इलाके के मंडीमरका में हुई है। मृतक का नाम लक्ष्मण बारसे बताया जा रहा है, जिसकी उम्र करीब 30 वर्ष है। मृतक मूलतः बीजापुर के ग्राम पेगड़ापल्ली का निवासी था और सिलगेर में बतौर शिक्षादूत काम कर रहा था। नक्सलियों ने उसे पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाते हुए मौत के घाट उतार दिया।

कल शाम नक्सलियों ने गांव में पहुंचकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी। हमले के दौरान बीच-बचाव करने आए परिजनों से भी मारपीट की गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जगरगुंडा पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाबल मौके की ओर रवाना हो गए। घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

## युवती ने काटा गौमांस,मामले ने लिया गंभीर रूप



**बिलासपुर,28 अगस्त 2025 ।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के बिल्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत उड़ियापारा इलाके में मंगलवार को गौमांस बिक्री के मामले ने गंभीर रूप ले लिया। सोशल मीडिया पर एक युवती का गौमांस काटते हुए वीडियो वायरल होते ही हिंदू संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप धारण कर लिया और दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान जमकर मारपीट और पथराव हुआ, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और युवती को हिरासत में ले लिया। साथ ही गौमांस के सैंपल जब्त कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। सोशल मीडिया से फैला विवाद मामले की शुरुआत उस वक्त हुई जब उड़ियापारा की रहने वाली एक युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में वह कथित रूप से गौमांस काटते हुए दिखाई दे रही थी। जैसे ही यह वीडियो फैला, स्थानीय स्तर पर हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और युवती तथा उसके परिजनों का घेराव करने लगे। विरोध के बीच भिड़ंत बताया जा रहा है कि हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने जब युवती के घर के बाहर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया,तभी मकान मालिक और युवती के परिजन सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ी और मामला देखते ही देखते हिंसक हो गया। आरोप है कि मकान मालिक और उसके परिजनों ने संगठन के कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया। जवाबी कार्रवाई में संगठन के कार्यकर्ता भी भिड़ गए। इस दौरान जमकर लाठी-डंडे चले और पथराव भी हुआ। झड़प में कई लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं,क्षेत्र में तनाव का माहौल देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## सीएम साय ने दक्षिण कोरियाई निवेशकों के समक्ष प्रदेश की अपार संभावनाओं को किया साझा



**रायपुर,28 अगस्त 2025।** सीएमसाय ने दक्षिण कोरियाई निवेशकों के समक्ष प्रदेश की अपार संभावनाओं को साझा किया। सीएम साय ने एक्स में जानकारी दी कि आज छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में KITA के साथ मिलकर, दक्षिण कोरियाई निवेशकों के समक्ष प्रदेश की अपार संभावनाओं को साझा किया। हमारी प्रो-एक्टिव एवं विकासोन्मुख औद्योगिक नीति 2024-30, प्रचुर प्राकृतिक संसाधन और कुशल मानव संसाधन, छत्तीसगढ़ को वैश्विक निवेश और साझेदारी के लिए आदर्श गंतव्य बनाते हैं। आगे उन्होंने बताया, भारतीय राजदूत से@IndiainROKमें छत्तीसगढ़ की निवेश संभावनाओं पर सार्थक चर्चा हुई। स्टील और खनिज से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स व फूड प्रोसेसिंग तक हमने मजबूत द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

### पुलिस का बड़ा ऑपरेशन निश्चय

## 5 जिलों में छापेमारी,100 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,28 अगस्त 2025 ।** रायपुर रेंज पुलिस ने नशे और अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए मंगलवार को तड़के सुबह ऑपरेशन "NISCHAY" (Narcotics, Investigation, Suppression, Control, Halt, Action for Youth & Society) चलाया। इस अभियान का उद्देश्य नारकोटिक्स पर नियंत्रण, अपराधों की रोकथाम और युवाओं व समाज को सुरक्षित भविष्य देना है। पुलिस ने सुबह 4 बजे से ही एक साथ 5 जिलों में 250 से अधिक ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान NDPS, आबकारी और आर्म्स एक्ट के तहत कुल 100 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 31 फरार आरोपियों को वारंट तामिली के तहत पकड़ा गया और 140 से अधिक लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)